प्रस्ताव 3 : सब आचार्यों के ऊपर एक प्रधानाचार्य होना चाहिये। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास कर, उसे वृहत् सम्मेलन में उपस्थित करने का निश्चय किया गया। **प्रस्ताव 4 :** प्रत्येक गच्छ में एक आचार्य होना चाहिये और सब आचार्यों के ऊपर एक प्रधानाचार्य होना चाहिये। उसके नीचे मुनियों की एक काउंसिल होनी चाहिये। युवाचार्य कांशीरामजी महाराज के इस प्रस्ताव को सर्व-सम्मति से पास करके वृहत् सम्मेलन में उपस्थित करने का निश्चय किया।

इसके अतिरिक्त मुनियों, आर्याओं तथा श्रावकों के संगठन तथा व्रत पालन आदि के सम्बन्ध में भी अनेक प्रस्ताव पास किये गए। होशियारपुर सम्मेलन का लाभ उठाकर पंजाब के मुनि संघ को पूर्णतया सुसंगठित तथा नियमबद्ध बना लिया गया। वर्तमान आचार्य के वार्षिक पाट महोत्सव को भी मनाने का निश्चय किया गया। यह भी निश्चय किया गया कि अजमेर सम्मेलन में पत्री का प्रश्न उपस्थित हो तो पंजाब के मुनि उसका विरोध न करें। आपस के संघर्ष को वहाँ न छेड़ा जावे। इस बात को सब मुनियों ने मान लिया और कहा कि हम पत्री का विरोध नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी निर्णय किया कि मुनि-सम्मेलन में बहुमत से किये हुए प्रत्येक निर्णय उनको मान्य होंगे। इस सम्मेलन में अजमेर में होने वाले अखिल भारतीय मुनि-सम्मेलन में जाने के लिए पाँच प्रतिनिधियों का निर्वाचन भी किया गया।

होशियारपुर सम्मेलन के पश्चात् वहाँ से सभी प्रतिनिधियों ने अजमेर की ओर विहार कर लिया गया। मार्ग पर्याप्त लम्बा था। कहाँ पंजाब और कहाँ मारवाड़? बड़ी लम्बी और कठोर यात्रा थी, किन्तु जैन मुनि आत्मिक कर्तव्य की तुलना में शारीरिक कष्ट की चिन्ता नहीं किया करते। प्रतिनिधियों में गणी श्री उदयचन्दजी म.सा. ही सबसे वृद्ध थे। उनका शरीर रोगग्रस्त भी था, किन्तु उनका मन रोगी नहीं था। अतएव उपाध्याय श्री आत्मारामजी महाराज तथा युवाचार्य श्री काशीरामजी महाराज के समान तेज न चलते हुए भी वह अपने मार्ग पर आगे बढ़ते गए। प्रायः प्रतिनिधियों ने 1988 का चातुर्मास अजमेर के मार्ग में ही किया। गणी उदयचन्दजी ने यह चातुर्मास रामपुरा में किया। चातुर्मास समाप्त होने पर उन्होंने फिर अजमेर की ओर विहार कर दिया। बाकी लोग मालेरकोटला, नाभा, कैथल, दिल्ली, अलवर, जयपुर तथा किशनगढ़ में धर्म प्रचार करते हुए अजमेर पहुँचे। *(... क्रमशः)*

साभार :- स्थानकवासी जैन शासन की दिव्य विभूति ...

कालजयी व्यक्तित्व : घोर तपस्वी श्री मिश्रीलालजी महाराज (जैन दिवाकर श्री चौथमलजी म.सा. की सम्प्रदाय के)

भगवान् महावीर की श्रमण-परम्परा में अनेक ऐसे श्रमण-साधक हुये हैं, जिन्होंने अपने श्रेष्ठ-ज्येष्ठ कृतित्व और व्यक्तित्व के बल पर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्हीं मुनियों की परम्परा में बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में एक महान् मुनि हुए - घोरतपस्वी श्री मिश्रीलालजी महाराज।

घोर तपस्वी श्री मिश्रीलालजी महाराज अपने युग के सर्वाधिक चर्चित मुनिराज रहे। प्रिंट मीडिया जब अपने शैशव काल में था, उस समय भी पूज्यश्री का व्यक्तित्व विश्वभर की पत्र-पत्रिकाओं में अर्चित और चर्चित हुआ था। उस चर्चा और अर्चा के केन्द्र में था-महामुनिराज का वह जीवन सत्याग्रह जो उन्होंने जैन एकता के लिए शुरू किया था। जब उन्होंने ही वेश और एक ही धर्म का अनुगमन करने वाले श्रमण-समाज को भिन्न-भिन्न सम्प्रदायों और मान्यताओं में जकड़े हुए देखा तो उनका मानस खिन्न हो उठा। उन्होंने अपने उपदेशों और पावन प्रेरणाओं से संघीय-एकता का बिगुल बजाया, परन्तु सामाजिक समन्वय का जैसा स्वरूप वे चाहते थे, उस सन्दर्भ में परिणाम शून्य ही रहा। तब उन्होंने सोए हुए समाज को जगाने के लिए सत्याग्रह का मार्ग चुना। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक बार सत्याग्रह स्वरूप लम्बे-लम्बे तप किए। कहना चाहिए कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन संघ-समन्वय के लिए सत्याग्रह की बलिवेदी पर न्यौछावर कर दिया।

आज से लगभग 123 वर्ष पूर्व वि.सं. 1947 (सन् 1890) में राजस्थान प्रांत के अलवर शहर के निकटवर्ती 'हरसोरा' ग्राम में ओसवाल जातीय सिसोदिया वंश में पूज्य श्री मिश्रीलालजी महाराज का शुभ जन्म हुआ। जिनत्व और वीरत्व के संस्कारों में रचे-बसे जनक-जननी से उक्त संस्कार आपको विरासत में मिले। आपकी जननी श्रीमती माणककंदर जी एक आदर्श श्राविका थी। देव, गुरु, धर्म के प्रति उनके हृदय में अनन्य आस्था थी। माता की यही अनन्य आस्था पुत्र मिश्रीलाल के जीवन का आत्मिक पाथेय बनी। मातृदूध के रूप में जिनत्व के संस्कारों का पान करते हुए आप बड़े हुए।

सामायिक और स्वाध्याय की सतत् आराधना से आपके हृदय में वैराग्य का दीप प्रज्ज्वलित हुआ। कैशोर्य की दहलीज पार करते-करते आपने स्तोक, प्रतिक्रमण एवं दशवैकालिक सूत्र को कण्ठस्थ कर लिया था। जैसे ज्ञान परिपक्व होता गया वैसे-वैसे वैराग्यभाव प्रबल से प्रबलतर होता चला गया। आखिर, पहले आपकी माता ने तथा उनके डेढ़ वर्ष आपने मुनि-दीक्षा अंगीकार की। आपकी माता श्रीमती माणककंवर ने आचार्य श्री सोहनलालजी महाराज के सान्निध्य में तथा पंजाब प्रवर्तिनी पार्वती ती जी महाराज की नेश्राय में वि.सं. 1962 पौष कृष्णा 2 को अमृतसर में आर्हती प्रव्रज्या में प्रवेश किया।

आपश्री ने अखण्ड यशस्वी पूज्य आचार्य श्री मन्नालालजी महाराज के श्रीचरणों में वि.सं. 1962 के चैत्रमास में अलवर नगर में दीक्षा-मंत्र अंगीकार कर प्रव्रज्या-पथ पर चरणन्यास किया। प्रस्तुत संदर्भ में पूज्य श्री मिश्रीलालजी महाराज की गुरु-परम्परा पर संक्षिप्त दृष्टिपात कर लेना अप्रासंगिक नहीं होगा।

पूज्य प्रवर श्री मिश्रीलालजी महाराज के आराध्य गुरुदेव आचार्य श्री पन्नालालजी महाराज महान् क्रियोद्धारक श्री हरजी ऋषिजी महाराज की परम्परा में पूज्य श्री हुक्मीचंदजी महाराज की सम्प्रदाय के एक यशस्वी आचार्य थे ।

उक्त महान् परम्परा में दीक्षित होकर मुनि श्री मिश्रीलालजी महाराज ने कुछ ही वर्षों में ज्ञान, ध्यान और साधना में परिपक्वता प्राप्त कर ली। ज्योतिष शास्त्र के आप प्रकाण्ड पण्डित बने। सेवा और तप में आपकी स्वाभाविक रूचि थी। आपके विनम्र सेवाभाव की आपके गुरुदेव मुखर चर्चाएँ किया करते थे। सरलता, मृदुता, शुचिता आदि श्रमण-धर्म के आप जीवन्त प्रतिमान थे। आपकी प्रवचन-प्रभावनाओं में मिश्री सा माधुर्या था।

आपका समग्र जीवन पवित्र सद्गुणों का संगम-स्थल था।

न्तु आपका जो सर्वाधिक ध्वनित सद्गुण था - वह था संघीय एकता की अपराभूत ललक और उस के लिए किए गए प्रयत्न। इस समन्वय की शुरूआत आपने श्रावक-समाज से की। साम्प्रदायिक प्रबलता के कारण उस युग में समाज भी खण्डित था। स्थान-स्थान पर संघर्षों का दौर चलता ही रहता था। आप जहाँ भी देखते, अपनी सूझ-बूझ से संघर्ष का शमन कर देते।

कई बार इसके लिए आपने कई-कई दिनों के उपवास भी किए। आपके उपवास से प्रेरित-प्रभावित होकर अनेकों क्षेत्रों में स्नेह और समन्वय के द्वार खुलते चलते गये। अपनी इन सफलताओं से प्रेरणा प्राप्त कर आपने भिन्न-भिन्न सम्प्रदायों में विशृंखलित स्थानकवासी श्रमण-समाज पर अपना ध्यान केन्द्रित किया। आपने अपनी ही परम्परा के एकीकरण के लिए भी कई बार उपवास किए।

वस्तुतः पूज्य श्री हुक्मीचंदजी महाराज की परम्परा भी उस समय दो सम्प्रदायों में विभक्त थी। समन्वय हेतु आपने स्वपक्ष और परपक्ष से कई बार सविनय अनुरोध किया। समन्वय हेतु श्रावकों को प्रेरित किया, परन्तु सफलता के सूत्र हस्तगत नहीं हो सके। तब आपने सत्याग्रह का पथ चुना। विभिन्न अवसरों पर जैन जगत् की एकता एवं सौहार्द के लिए आपने 12 बार छोटे-बड़े/सुदीर्घ अनशन किए, वि.सं. 1993, ई.सन् 1937 में आपका सबसे बड़ा अनशन 260 दिन तक लगातार चला। संघीय एकता और आत्म-शुद्धि हेतु किए गए आपके तप-विवरण को पढ़-सुनकर रोम-राशि कांप उठती है।

कोल्हापुर रोड़ दिल्ली में तपस्वीराज ने संलेखना स्वरूप तपस्या की। 27 दिनों तक साधारण रूप में तपस्या चली। तत्पश्चात् 28वें दिन पूज्यश्री ने संथारा अंगीकार कर लिया जो तृतीय दिन यानी संथारे के 30वें दिन सम्पन्न हुआ।

महामुनिवर के प्रलंब तपों का यह विवरण किसी कल्पना के आधार में नहीं दिया गया है, बल्कि श्रावकरत्न श्री फूलचंद जी जैन द्वारा लिखित/संकलित पुस्तक में पूर्णतः प्रामाणिक आंकड़ों के साथ यह पूर्ण विवरण उपलब्ध है।

महाप्राण मुनिवर को स्थानकवासी परंपराओं के समन्वय का सूत्रधार अथवा प्रबल प्रेरक कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। महामुनिवर के सत्याग्रहों का ही यह प्रभाव था कि सन् 1933 में अजमेर में महामुनि सम्मेलन हुआ जिसमें 32 सम्प्रदायों के पौने तीन सौ से अधिक साधु-साध्वियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन में संघीय एकता का धरातल तो तैयार हुआ, परन्तु व्यवस्थित रूप से एकता स्थापित नहीं हो पायी।

व्यवस्थित एकता के लिए पूज्य महामुनिवर ने और अधिक जीवटता आंदोलन चलाया। वैचारिक आन्दोलन के रूप में आपने निम्नोक्त विचारों से समाज में जागृति उत्पन्न की। ❖❖

कण्मडलु में भूमण्डल का अर्थशास्त्र

बात उस समय की है जब प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह वित्तमंत्री थे। वे प्रमुख दिगंबर जैन मुनि सिद्धांत चक्रवर्ती, श्वेतपिच्छाचार्य, श्री विद्यानंद जी मुनिराज के दर्शन हेतु जैन शोध संस्थान, कुंद-कुंद भारती पधारे।

मुनि विद्यानंद जी की ज्ञानाराधना की तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने सभी धर्मों, दर्शनों का गूढ़ अध्ययन किया है। ज्ञानचर्चा के दौरान डॉक्टर मनमोहन सिंह आचार्य विद्यानंद जी के कमण्डलु को गौर से देख रहे थे।

यह भांप कर विद्यानंद जी बोले - 'आपको मालूम है देखो हमारे कमण्डलु में संपूर्ण भूमण्डल का अर्थशास्त्र छिपा है।' डॉक्टर मनमोहन सिंह ने मंद-मंद मुस्कान के साथ पूछा - 'कैसे?' मुनि श्री ने कमण्डलु उठाकर कहा - 'देखो इसका आने का द्वार बड़ा है, पर जाने का छोटा, उसी प्रकार संपूर्ण अर्थव्यवस्था तभी उन्नति कर सकती है जब उसके आय के द्वार बड़े हों और व्यय के द्वार छोटे। प्राचीन शास्त्रों में भी उल्लेख है - **आयव्ययमुखयोर्मुनिकमण्डलुरेव निदर्शनम्।** (आचार्य सोमदेवसूरि, नीतिवाक्यामृत 8/6)

अर्थात् आय और व्यय का सर्वोत्तम उदाहरण मुनि के कमण्डलु को समझना चाहिए।' वित्तमंत्री आचार्यश्री के अगाध ज्ञान पर आश्चर्यचकित हो गए। बोले - 'लगता है मैं तो अर्थशास्त्र का विद्यार्थी भर हूं, गुरु तो आप ही हैं।' ❖❖

सन्दर्भ : ज्ञानमुनिजी की दीक्षा स्वर्ण जयंती ...

आगम का उजास व राजस्थानी मिठास बाँटने वाले संत : ज्ञानमुनिजी म.

- डॉ. दिलीप धींग, साहुकारपेट, चेन्नई (तमिलनाडु)

आचार्य श्री हस्ती के सुशिष्य, श्रमणसंघीय संतप्रवर प्रभावशाली प्रवचनकार ज्ञानमुनिजी के प्रवचन अन्य संतों के प्रवचनों से एकदम हटकर तथा रसप्रद होते हैं। वे श्रोताओं से जुड़े रहते हैं और श्रोतगण भी उनसे शुरू से अन्त तक जुड़े रहते हैं। उनकी व्याख्यान-शैली की अनेक विशेषताएँ हैं। जो विशेषता रेखांकनीय है, वह है सन्दर्भ सहित प्रस्तुति। सन्दर्भ चाहे व्यक्ति का हो या शास्त्र का, मुनिश्री पूर्ण निष्पक्ष भाव से सन्दर्भ देते हुए प्रवचन करते हैं। कितने ही संत अपनी संप्रदाय के संतों का संदर्भ तो दे देते हैं, लेकिन दूसरी संप्रदाय के संतों, विद्वानों का नाम नहीं लेते हैं। लेकिन ज्ञानमुनि की बात अलग है।

इसके अलावा मुनिश्री अपने व्याख्यान में लोक-जीवन में रचे-बसे किस्सों, दोहों, मुहावरों, कहावतों आदि का समयोचित उपयोग करने में बहुत कुशल हैं। उन्हें राजस्थानी भाषा की अनेक कहानियाँ और कहावतें मुख-जबानी याद है, जिनका वे अपने व्याख्यानों में प्रभावी उपयोग करते हैं। उनकी हिंदी में भी राजस्थानी पुट रहता है। उनके व्याख्यानों में राजस्थानी भाषा की छटाएं होने से वे दक्षिण भारत में प्रवासी राजस्थानियों के बीच बेहद लोकप्रिय व श्रद्धास्पद हैं। उनके गुरुदेव आचार्य श्री हस्तीमलजी महाराज उन्हें 'रोचक व्याख्यानी' कहा करते थे।

राजस्थानी के अलावा हिन्दी, प्राकृत और संस्कृत भाषाओं के जानकार मुनिश्री के प्रवचनों में अनेक इन्द्रधनुषी रंग होते हैं। इन रंगों में वे धर्म, दर्शन, सिद्धान्त, संस्कृति और इतिहास के कई पन्ने खोलते हैं। आज जहाँ नई पीढ़ी हमारी श्रेष्ठ परम्पराओं तथा पारम्परिक शब्दावली और संस्कारों से दूर होती जा रही है, वहाँ ज्ञानमुनि के प्रवचन इस गौरवशाली विरासत को बचाने का भागीरथ प्रयास है।

बड़े-बड़े महात्मा जिसे छोड़ नहीं पाते हैं, उस दर्षष्टि-राग अथवा व्यक्ति-मोह का उनमें अभाव है। इसीलिए, वे अपने प्रवचनों में किसी भी सम्प्रदाय के किसी भी विशिष्ट सन्त या गृहस्थ के सद्गुण या प्रेरक प्रसंग का अहोभाव से उल्लेख करते हैं। जैन समाज की स्थानकवासी परंपरा के अनेक संतों और श्रावकों के संस्मरण उन्हें तिथि और वर्ष के साथ याद हैं तथा वे उनका उनके प्रवचनों में उल्लेख करते हैं। गुणानुरागिता और मिलनसारिता उनकी बहुत बड़ी विशेषताएं हैं। इन विशेषता के कारण उन्होंने समाज में एकता, समता और समरसता का वातावरण बनाने की कोशिश की है। साधारण प्रतीत होने वाली छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से वे व्यक्ति को शास्त्र के नजदीक ले जाने और जीवन की गंभीर शिक्षाएँ देने में दक्ष हैं।

साधर्मी वात्सल्य, कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन, जीवदया, प्राणिरक्षा आदि विषयों पर उनकी प्रेरणाओं का अनेक कार्य हुए और हो रहे हैं। उनकी प्रेरणा से उदारमना दयालु श्रावकों ने बूचड़खानों में जाने वाली सैकड़ों गायों की रक्षा की है। उनकी उपदेशों से प्रेरित होकर श्रावकगण राजस्थान में चलने वाली बकराशालाओं में प्रतिवर्ष लाखों रुपयों की राशि भिजवाते हैं।

उनके द्वारा संकलित अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं; जिनमें ज्ञानांजलि (7 संस्करण), जिनशासन की दिव्य विभूतियाँ (भाग 1-2), ज्ञान सूक्ति कोष (भाग 1-2), ज्ञान रश्मियाँ (भाग 1-4), दिवाकर देन आदि प्रमुख हैं। ज्ञान रश्मियाँ और दिवाकर देन पुस्तकों में उन्होंने लगभग डेढ़ हजार लोक-कथाओं, धर्म-कथाओं, नीति-कथाओं और प्रेरक प्रसंगों को सहेजा और सुरक्षित किया है।

आचार्य श्री आनंदऋषिजी, आचार्य श्री हस्तीमलजी, मरुधर-केसरी मुनि श्री मिश्रीमलजी, युवाचार्य श्री मिश्रीमलजी 'मधुकर', उपाध्याय श्री पुष्करमुनिजी, उपाध्याय श्री केवलमुनिजी, प्रवर्तक श्री अंबालालजी महाराज आदि अनेक महान संतों और अनेक सेवाभावी श्रावकों के प्रेरक जीवन-प्रसंगों को आपने लिपिबद्ध किया है। इतिहास के अनेक तथ्य इन प्रसंगों में समाविष्ट हैं।

गुणग्राही ज्ञानमुनिजी ने जैन दिवाकर श्री चौथमलजी महाराज के प्रवचन साहित्य में से लगभग दो सौ प्रेरक प्रसंगों और कथाओं का संकलन किया। इन पंक्तियों के लेखक (डॉ. दिलीप धींग) के संपादन में 2016 में यह संकलन 'दिवाकर देन' के नाम से प्रकाशित हुआ। जैन दिवाकर जी के देवलोकगमन के 66 साल बाद पहली बार हुआ यह कार्य अभिनंदनीय है। ज्ञानमुनिजी ने अपने प्रवचनों में जैन दिवाकर जी के कुछ गीतों पर भी बड़े ही प्रेरणादायी व्याख्यान दिये हैं। ऐसे रचनात्मक और जोड़ने वाले प्रयत्न बहुत कम देखने को मिलते हैं।

मार्गशीर्ष शुक्ल 12, वि.सं. 2005 (13 दिसम्बर 1948) को जोधपुर (राजस्थान) में जन्मे ज्ञानमुनिजी के वीरपिता गुलराज अबानी तथा वीरमाता रतनकँवर अबानी धर्मनिष्ठ श्रावक-श्राविका थे। उन्होंने कला-स्नातक (प्रथम वर्ष) के अलावा जैन सिद्धान्त प्रभाकर और जैन सिद्धान्त कोविद की परीक्षाएँ उत्तीर्ण कीं। वैशाख शुक्ल 14, वि.सं. 2032 को उन्होंने आचार्य श्री हस्तीमलजी महाराज के चरणों में जैन मुनि दीक्षा अंगीकार कर ली। रत्नवंशीय आत्मार्थी संत चौथमलजी उनके शिक्षागुरु रहे। ज्ञानमुनिजी के साथ ही दीक्षा लेने वाले श्री महेन्द्रमुनिजी संप्रति रत्नसंघ के भावी आचार्य हैं।

उत्तराध्ययन सूत्र (25/32) में कहा गया है कि **'णाणेण य मुणी होइ'** अर्थात् ज्ञान से मुनित्व की साधना फलवती बनती है। ज्ञानमुनि अपने नाम के 'ज्ञान' और 'मुनि' दोनों शब्दों की गरिमा के प्रति सजग रहते हैं। वे स्वयं ज्ञानोपासना में लगे रहते हैं और ज्ञान तथा ज्ञान की उपासना करने वालों को पूरा सम्मान देते हैं। उनका कहना है कि समाज को आडंबर, प्रदर्शन व फिजूलखर्ची रोककर श्रुतज्ञान के विकास, विद्वानों के निर्माण और विद्वानों के प्रोत्साहन की ओर ध्यान देना चाहिये।

अनेकान्त के जीवन्त प्रतिमान ज्ञानमुनि ने राजस्थान के अलावा कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना तथा अन्य क्षेत्रों में विचरण किया है। वे सभी जगहों पर शाकाहार, सदाचार, व्यसनमुक्ति, धर्म-ध्यान और त्याग-तप की अलख जगाते हैं। 22 मई, 2024 को उन्होंने अपनी दीक्षा के 50वें वर्ष में प्रवेश किया है। उनकी संयम स्वर्ण जयंती समाज में संयममय जीवन जीने की प्रेरणा देने वाली बने। संप्रति हैदराबाद में विराजित वरिष्ठ श्रमणवर श्री ज्ञानमुनि युग-युग जियें और सबको धर्मलाभ प्रदान करते रहें। ❖❖

चातुर्मास पर्व - आत्मकल्याण का महायज्ञ

- सौ. शुभांगी मनोजकुमार कात्रेला जैन, निगड़ी (महाराष्ट्र)

नये के प्रति हर मनुष्य में सहज ही उल्लास होता है। नई तरंगे, नई थिरकन, नई उमंग होती हैं। ऐसा ही आज का चातुर्मास पर्व हमारे जीवन में नवदीप जलाने के लिए, नये संकल्पों को प्रबल बनाने के लिए स्वर्णिम प्रभात की अगवानी लेकर अज्ञानावरण को हटाकर ज्ञान प्रदीप करने आया है।

उत्तराध्ययन सूत्र में कहा है, चातुर्मास का समय वीतराग वाणी का स्वर्णिम संयोग लेकर आया है, आप इस संयोग का लाभ उठाएँ, बीते समय को अब सुधार लें। अपने आपको धर्म क्रियाओं में, शुभचिन्तन में लगा लें। हमें चातुर्मास के पावन काल में धर्म ध्यान की झडी लगाकर आश्रवद्वारों को बंद करके संवर में समय बिताना है। नित्य जिनवाणी सुनकर उसे हमें अपने जीवन में उतारना है।

जीवन में सात्विकता लाने का प्रयास करना है। नशे से दूर रहना है। मनुष्य जन्म अनमोल है, जीवन क्षण भंगुर है। खुद के शिष्यकार खुद बने। उत्तरी के निर्णय के भरोसे चलने वाला जीवन व्यर्थ है। समाज के प्रति हमारे दायित्व का एहसास हर वक्त होना आवश्यक है। इस चातुर्मास में हम आत्मावलोकन करें। इससे पूर्व मैंने क्या पाया है ? क्या खोया है? क्या खोया हुआ मैं वापस प्राप्त कर सकता हूँ। असंभव कुछ भी नहीं है। शक्तियाँ हमारे भीतर ही मौजूद है, उन्हें हम प्रकट और जागृत करने की आवश्यकता है।

इस पर्वकाल में आत्मशोधन करके अपने प्रकृति स्वभाव में परिवर्तन लायेंगे और दुर्गुनों का नाश करके सद्गुणों का बीजारोपण करेंगे। व्यसनमुक्त संस्कारयुक्त जीवन के साथ हर वर्ग को जोडते हुए धर्म के सही मर्म को समझाते हुए स्वाध्याय, ध्यान, तपस्या, की ज्योति जलायेंगे, तभी चातुर्मास का यह सुनहरा समय सार्थक होगा। तभी परम पद प्राप्ति की मंजिल की ओर अग्रसर हम हो पायेंगे। ❖❖

दरियादिली

- श्री संजीव जैन, करनाल (हरियाणा)

हरियाणा के एक प्रमुख जिले में रामदेव शैलरों (राइस मिल) में चावल भराई व सिलाई की ठेकेदारी का काम करता था। उस शहर के लगभग 40 शैलरों में से 25-26 शैलरों में वह ही ठेकेदारी का काम करता था। उसके नीचे 250-300 मजदूर हर वक्त काम करते थे। बिहार के समस्तीपुर जिले से आकर अब वह यहीं बस गया था। उसके बच्चे यहीं पैदा हुए और पले-बढ़े थे। बिहार से अगर कोई आदमी उस शहर में आता और उसे कोई काम नहीं मिलता तो वह सीधा रामदेव के पास पहुँच जाता था। रामदेव भी उनसे अपने भाईयों की तरह पेश आता था। वह उनके खाने-पीने व रहने का बंदोबस्त बखूबी कर देता था। वह उन्हें काम दिलाने में भी मदद करता था। अपनी इसी नेक-नियत की वजह से वह बिहारियों में बहुत प्रसिद्ध था। उनके समुदाय का कोई भी आयोजन उसकी उपस्थिति के बिना अधूरा रहता था।

एक तरह से वह अपने बिहारी समुदाय का अनिर्वाचित व अनिर्णीत प्रधान ही था, जिसकी बात काटने की कोई कोशिश तो क्या सोच भी नहीं सकता था। वह भी सबको साथ लेकर चलने में यकीन रखता था। महीने में एक बार वह भंडारा लगाता था, जिसमें वह अपने सभी बिहारी भाइयों व अन्य लोगों को बुला लेता था। अपनी कालोनी में उसने एक मंदिर भी बनवा रखा था। वह चार-पाँच लोगों के साथ मिलकर शाम को गरीब बच्चों को पढ़ाने वाली एक संस्था भी चलाता था, जिसमें तकरीबन सारा खर्चा उसी का होता था। अपनी संस्था की कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को वह अपने बच्चों की तरह समझता था। वह उनकी छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ख्याल रखता था। समय-समय पर वह उनके लिए उपहार भी ले जाता था और उनके लिए कई प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित करता रहता था। कई बार वह उन्हें बाहर घुमाने भी ले जाया करता था।

रामदेव की शख्शियत के विभिन्न पहलुओं को देखने, जानने और समझने के बाद हम कुल मिलाकर कह सकते हैं कि वह जितना समाज से ले रहा था, उससे ज्यादा समाज को वापिस देने की कोशिश भी कर रहा था।

एक बार उसके शहर में एक पुस्तकों का मेला लगा। रामदेव ने जब उस पुस्तक मेले के बैनर शहर में लगे देखे तो एकदम उसके दिमाग में विचार आया कि इस मेले में अपनी संस्था की कक्षा के बच्चों को लेकर जाना चाहिए। एक दिन उसने एक बैन और मिनी बस में 30-50 बच्चों को पुस्तक मेले में ले जाने का कार्यक्रम बनाया। उसने अपनी यह योजना संस्था के अन्य साथियों को बताई तो सभी बहुत खुश हुए। जिस दिन बच्चों को मेले में लेकर जाना था, उस दिन रामदेव को कुछ काम पड़ गया। उसने अपने साथियों को कहा कि वे बच्चों को लेकर पुस्तक मेले में पहुंचे, वह सीधा वहीं पर आ जाएगा। सभी बच्चों को निर्धारित समय पर मेले में पहुँचा दिया गया। लेट हो जाने के कारण रामदेव धूल-मिट्टी से सने अपने कपड़ों को हल्का-सा झाड़कर पुस्तक मेले में पहुँच गया। बाहर मेले में जाने वालों की एक लम्बी लाइन लगी हुई थी। वह भी लाइन में खड़ा होकर अंदर जाने की प्रतीक्षा करने लगा।

तभी रामदेव के पीछे खड़ा एक आदमी, जो शक्ल से यहीं का लगता था, उसे बोला-क्यों रे बिहारी ! तू यहाँ लाइन में क्या कर रहा है? तू क्या यहाँ अपना सामान्य ज्ञान बढ़ाने आया है? तुझे पढ़ना आता भी है या नहीं? अगर पढ़ना आता भी होगा तो किताबें पढ़कर कौन-सा कलेक्टर बन जाएगा?

एक बार तो उस अनजान आदमी की ऐसी बेतुकी बातें सुनकर रामदेव को गुस्सा आ गया मगर वह उसे कुछ नहीं बोला। वह आदमी जिसे उसका साथी काला कहकर पुकार रहा था और भी बहुत कुछ बोलता रहा। रामदेव ने उसकी बातों की ओर कोई खास तवज्जो नहीं दी, वह शीघ्र ही अपनी बारी आने पर मेले में दाखिल हो गया। बच्चों को उनकी पसंद व जरूरत की किताबें दिलवाकर वह उन्हें अपने साथ ही वापिस ले आया। रास्ते में उसने सभी बच्चों को आइसक्रीम भी खिलाई। बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था और रामदेव भी उन्हें खुश देखकर बहुत खुश था। बात आई-गई हो गई, रामदेव लाइन में खड़े आदमी की बात

को तो भूल गया। मगर उस आदमी की छनकती-सी तेज आवाज एक अलग ही तरह की थी, वह रामदेव की यादों में तथा दिमाग के किसी कोष्ठक में जमा हो गई थी।

अंदाजन दो महीने के बाद वह आटा, तेल, दाल व मसाले आदि लेने के लिए किराने की थोक की दुकान पर गया। जिस समय वह सामान ले रहा था, उस समय दुकान पर माल की गाड़ी भी उतर रही थी। रामदेव के कानों में माल उतारने वाले पल्लेदारों के शब्द भी पड़ रहे थे। लेबर का जो मजदूर दूसरे मजदूरों को गाड़ी में से बोरियाँ उठवा रहा था, वह बोला-ओ काले! तू वहां बैठा अब बीड़ी ही पीता रहेगा या काम भी करेगा।

काला बोला-आ तो रहा हूँ, बीड़ी ही तो पी रहा था। तुम भी यार मोल लेने को तैयार रहते हो. चल उठवा बोरी।

ये शब्द सुनते ही रामदेव के कान एकदम खड़े हो गए। यह छनकती-सी तेज आवाज उसी आदमी की थी जिसने उस दिन पुस्तक मेले की लाइन में खड़े हुए उसे बहुत कुछ उल्टा सीधा कहा था। उसने काले को इशारे से अपने पास बुलाया और उसे कहने लगा क्यों भाई ! उस दिन पुस्तक मेले की लाइन में खड़े हुए तुम बहुत बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे कि पुस्तकें पढ़कर क्या कलेक्टर बन जाऊँगा। तुम अपने आपको तो देखो कि तुम क्या करते हो? तुम खुद तो मजदूरी करते हो और बिना मुझे जाने-पहचाने, तुमने उस दिन मुझे लम्बा-चौडा भाषण दे दिया था। तुम मुश्किल से मजदूरी करके 10 से 12 हजार रुपये हर महीने कमा पाते होंगे। क्या तुम्हे मालूम है कि तुम जैसे 250-300 आदमी हरदम मेरे नीचे काम करते हैं। मैं हर महीने 3 से 4 लाख रुपये कमाता हूँ। मैं तुम्हें नीचा दिखाने की कोशिश नहीं कर रहा हूँ। बस तुम्हें समझा रहा हूँ कि बिना जाने-पहचाने किसी को भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। उस दिन मैं अपनी संस्था, जो गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाती है, की कक्षा के बच्चों को किताबें दिलवाने वहाँ गया था। मैं उन्हें 25000/- रुपये के आस-पास की किताबें दिलवाकर लाया था। तुम्हें बिना जाने मुझे इतना भला-बुरा नहीं कहना चाहिए था। आइन्दा किसी भी आदमी को इस तरह से नीचा मत दिखाना। तुम्हारे गलत बर्ताव व बिना वजह ही किसी की बेइज्जती करने से सामने वाले पर क्या बीतती होगी, तुम्हें इस बात का थोड़ा-सा भी अंदाजा है या नहीं।

भाई साहब ! उस दिन मुझसे गल्ती हो गई। मुझे इस तरह से आपको उल्टा सीधा नहीं कहना चाहिए था। आप मेहरबानी करके मुझे माफ कर दीजिए।

कोई बात नहीं, आइन्दा तुम ध्यान रखना कि जाने-अनजाने में किसी के साथ भी ऐसा व्यवहार मत करना। हाँ, अगर तुम्हें किसी भी समय मेरी जरूरत हो तो मेरा मोबाइल नम्बर नोट कर लो, बेहिचक मुझे याद कर लेना। तुम्हारे किसी भी काम आकर मुझे दिली खुशी होगी।

काला उस आदमी की दरियादिली देखकर हैरान था और वह उसके प्रति आदर, सम्मान व श्रद्धा के भावों में भर गया था। ❖❖

स्वावलम्बी

बंगाल के एक छोटे से स्टेशन पर एक गाड़ी आकर खड़ी हुई। एक सूट-बूटधारी युवक गाड़ी से उतरा और कुली!कुली पुकारना शुरू किया, हालांकि सामान उसके पास कुछ ज्यादा नहीं था। कुली तो नहीं मिला, मगर एक अधेड़ उम्र का आदमी, मामूली देहातियों के से कपड़े पहने उसेके पास आ गया। युवक ने उसे कुली समझ लिया और बोला - 'तुम लोग बड़े सुस्त होते हो। ले चलो इसे जल्दी।' उस आदमी ने वह सामान रखवाकर मजदूरी देने लगा। वह आदमी बोला - 'धन्यवाद! इसकी जरूरत नहीं है।'

'क्यों? युवक ने ताज्जुब से पूछा।' उसी वक्त युवक के बड़े भाई घर में से निकले और उन्होंने उस आदमी को प्रणाम किया। जब युवक को मालूम हुआ कि जिनसे वह सामान उठवाकर लाया है वे बंगाल के प्रतिष्ठित विद्वान श्री ईश्वरचंद्र विद्यासागर जी हैं, तो वह उनके पैरों पर गिर पड़ा। विद्यासागर बोले - 'मेरे देशवासी फिजूल का अभिमान छोड़कर यह समझें कि अपना काम अपने हाथों करना कितने गौरव की बात है और स्वावलम्बी बनें, यही मेरी असली मजदूरी होगी।' ❖❖

24 तीर्थंकर कल्याणक, जप-तप कैलेण्डर

आर्शीवचन युवाचार्य प्रवर पू. श्री महेन्द्रऋषिजी म.सा.

प्रस्तुति - श्री रतनचंद पोकरना जैन, चेन्नई (तमिलनाडु), 98417 50338

वि.सं. 2081 चैत्र सुदी 1, दि. 9.4.2024 से दि. 29.3.2025 तक का कल्याणक कैलेण्डर है।

नव वर्ष चैत्र सुदी-1 में विद्या, विनय और विनम्रता की त्रिवेणी संग श्रद्धा समता और साधना के शिखर पुरुष प्रभु महावीर के पावन उत्तराधिकारी अनंतलब्धि निधान, गणधर श्री गौतमस्वामीजी (इन्द्रभूतिजी) के जन्म दिवस (अवतरण दिवस) पर भाव भीनी वंदना।

यह कैलेण्डर कल्याणक आराधना के लिए है। इसको अपने सामायिक के उपकरणों के साथ, आराधना-स्थल पर एवं सामायिक की किताबों के साथ रखें।

इस कैलेण्डर की विशेष बात है कि तिथि कब समाप्त होती है, उसका उल्लेख कब शुरू होती है तथा सूर्य-उदय के समय कौनसी तिथि थी उसका उल्लेख किया गया है।

कभी-कभी सवेरे 8 बजे, 9 बजे तिथि समाप्त हो जाती है। तब तिथि कब शुरू होती है उसका ध्यान रखें। जप तप में तथा अन्य मुहूर्त में उसका महत्व बहुत है। तथा उत्तम लाभ मिल सकता है। तिथि वद, घट, क्षय तिथि (कल्याणक में) Time के साथ होने से जप-तप आराधना कब करनी है उसका भी ध्यान रहेगा।

कल्याणक तिथि (Time के साथ) बिना पूछे मुहूर्त है।

तिथि क्षय के एक दिन पहले जप-तप आराधना कर लेवें। इस तिथि क्षय में सावधानी रखें।

कोई त्रुटि हो तो, सूचित करावें।

जिन आज्ञा के विरूद्ध कुछ भी लिखा हो तो मिच्छामि दुक्कडं।

वैदिक परम्परा में भी कई तिथियाँ अपने कल्याणक तिथि में आती है, जैसे - राम नवमी, रक्षा बंधन, नाग पंचमी, शीतला सप्तमी, कृष्ण जन्माष्टमी, मालय अमावस्या (पितृ श्राद्ध), दीपावली, महाशिवरात्रि, होलकाष्टक प्रारंभ । शीतला अष्टमी, यह सब लौकिक पर्व वैदिक पर्व भी कल्याणक के दिन है । ये सभी तिथि के अनुसार ही आते हैं। fix दिनांक के अनुसार नहीं ।

इस कैलेण्डर को अपने Near and Dear को खुद Xerox करवा कर बाँटें।

धर्म-आराधना में खुद सहयोगी बनें।

कल्याणक के दिन जो 20 या 21 माला फेरनी है (जिन तीर्थंकर कल्याणक का कल्याणक हो, उसके अनुसार) जब भी जितनी माला फेरी हो, उस दिन पेपर पर टिक करें ताकि माला कुछ बाकी रह गई हो तो कुछ समय बाद फेर लेवें।

लक्ष्य तिथि समाप्ति के पहले Part by Part भी Ok परंतु मालाएं पूरी फेरनी है।

यदि कोई भूल-चूक हुई तो नोट करें, गुरु भगवन्तों से प्रायश्चित्त लें, खुद भी प्रायश्चित्त ले सकते हैं। बस सम्यक् ज्ञान दर्शन चारित्र की तरफ आगे बढ़ें।

अनंत करूणा निधान तीर्थंकर परमात्माओं का प्रत्येक कल्याणक का दिन श्रेष्ठतम दिन है क्योंकि, उस दिन कुछ 'समय' के लिए समस्त जीव राशि को आनन्द की अनुभूति होती है, तीनों लोक में ।

जिसको अपने के Ideal रूप में तीर्थंकर परमात्मा मान्य होते हैं, वे ही तीर्थंकर प्रभु के प्रत्येक कल्याणक की आराधना करते हैं, अंत में अनंत पुण्य और श्रेष्ठ गुणों को प्राप्त करते हैं।

बहुत से साधक-आराधक जप करते हैं तो तप की अपेक्षा करते हैं, तप करते हैं तो जप की अपेक्षा करते हैं। जिससे फल में बहुत बड़ा अंतर पड़ जाता है।

श्रीपाल चारित्र में कहा है कि मयना/मैना सुन्दरी आयंबिल की आराधना के साथ अरिहंत आदि का ध्यान भी करती थी।

एक साथ (श्रावक) जप नहीं करते सकते तो Part by Part पूरी तिथि के दौरान 20 या 21 माला का जाप करने का लक्ष्य रखें।

तप में आयंबिल या एकासन या उपवास नहीं कर पा रहे हैं तो (श्रावक जी) कम से कम रात खाना नहीं (रात की

सौगंध, चौविहार या तिविहार पाले) और यह भी नहीं कर सकते हैं तो स्वेच्छा से 12 प्रकार के तप से कोई संकल्प करके आगे बढ़े।

लक्ष्य यह रखे, जैसे शास्त्रों में बताया गया, ब्रह्मचर्य, जप और तप की उत्तम श्रेणी में जाना है।

शुरूआत में ऊपर बताया गया अपवाद मार्ग समझे और आगे बढ़े...।

जप और तप के साथ दान दें, असहाय तथा गरीबों की सहायता करें, उस दिन अगर वैसा नहीं कर पायें तो उस दिन घर में रखी हुंडी में कुछ न कुछ सहयोग अवश्यमेव डाल देवें तथा बाद में कभी भी शुभ काम में खर्च कर देवें।

साधु संतों को भी उनके अनुष्ठान में यह कैलेण्डर सहायक होगा।

मुख्य रूप से श्रावकों के लिए यह बनाया गया कैलेण्डर है।

1. कल्याणक तिथियों की आराधना का महत्व

कल्याणक तिथियों की आराधना की विशेषता है कि जिस दिन जो-जो कल्याणक अवसर्पिणी काल में होते हैं, उस दिन ही सभी उत्सर्पिणी काल के उसी अनागत तीर्थंकरों के वे कल्याणक होंगे, लेकिन विपरीत रूप से तीर्थंकरों के कल्याणक होंगे।

जैसे कि अवसर्पिणी काल में वर्तमान 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का

च्यवन कल्याणक - आषाढ सुद 6

जन्म कल्याणक - चैत्र सुद 13

दीक्षा कल्याणक - मिगसर वद 10

केवलज्ञान कल्याणक - वैशाख सुद 10

निर्वाण कल्याणक - कार्तिक वद अमावस्या (30)

के दिन हुए उसमें विपरीत क्रम से उत्सर्पिणी के च्यवन आदि कल्याणक आषाढ़ सुद 6 आदि को होंगे।

अर्थात् कल्याणक तिथियाँ प्रायः शाश्वत ही है।

इससे यह रहस्य उजागर होता है यद्यपि उस वर्तमान तीर्थंकर भगवान की च्यवन कल्याणक की आराधना करते हैं परन्तु उस दिन अनंत भूत, भविष्य और वर्तमान तीर्थंकरों के कल्याणक होते हैं, हुए हैं एवं होने वाले हैं।

अतः इसके अनुसार, आधार से आप सभी आराधना करके परम्परा से शीघ्र मोक्ष प्राप्त करें। एक कल्याणक की आराधना अनन्त-अनन्त कल्याणकों की आराधना का फल मिलता है।

परमात्मा का ध्यान करने से सम्यग् दर्शन निर्मल होने से, मिथ्यात्व तथा नीच गौत्र कर्मों का क्षय होता है।

परमात्मा का ध्यान करने से सम्यग् ज्ञान बढ़ता है। मोह का रस कम होता है। कर्म क्षय करते-करते मार्ग का अनुसरण करने से भव स्थिति का परिपाक होता है। अर्थात् धीरे-धीरे संसार परित होता जाता है

प्रभु का ऐसा ध्यान करने से चारित्र मोहनीय कर्म का नाश होता है। संयम के विघ्न दूर होते हैं, शुद्ध चारित्र पालने का वीर्य/पुरूषार्थ प्रकट होता है।

प्रभु के चक्षुओं द्वारा केवलज्ञान रूपी लक्ष्मी का पान करने से अपने-अपने अज्ञान तिमिर का नाश, ज्ञानावरणीय कर्मों का क्षय होता है।

निर्वाण कल्याणक के दिन प्रभु ने अंत में सभी आठों कर्मों का क्षय किया। अव्याबाध सुख की प्राप्ति हुई। अक्षय स्थिति, सिद्ध पद के गुणों का प्रकटीकरण हुआ एवं अनंत सिद्ध आत्माओं के साथ संयोग हुआ - ऐसे परमात्मा का ध्यान करना है।

निरंतर तीर्थंकर के जाप करने से, जप-तप अनुष्ठान से, वचन शुद्धि होती है। वचन-शुद्धि के बाद, वचन-सिद्धि भी प्राप्त हो सकती है।

प्रभु कृपा द्वारा... कृपा पात्र बनना है।

तिथि के सम्बंध में अन्य विवरण

यह तिथि कैलेण्डर Moon Calender पर आधारित है शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष

अंग्रेजी तारीख - Sun Calender पर आधारित है।

हमारी पृथ्वी 'चन्द्र' से बहुत नजदीक है, अन्य ग्रह के मुकाबले, इसलिए चन्द्र का पृथ्वी पर विशेष प्रभाव पड़ता है। अपने जैन सूत्रों में बताया गया है

2 (द्वितीया), 5 (पंचमी), 8 (अष्टमी), 11 (एकादशी), 14 (चतुर्दशी), 30 (अमावस्या), 15 (पूर्णिमा) का विशेष महत्व है।

ये दिन शुभ क्रिया में, जैसे- सत्संग, सेवा, दान, तप में ही व्यतीत होने चाहिए।

जैन परम्परा में इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया है कि उन तिथियों में मनुष्य अगले आयुष्य का बंध करता है। इन तिथियों के दिनों में होता है।

तीव्र शुभ भाव - आयुष्य शुभ

तीव्र अशुभ भाव - अशुभ परिणाम होगा

इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा शुभ भाव में व्यतीत करने है।

शुरूआत में परिवार के सभी सदस्य 3-4-5 माला जाप करें, कल्याणक के दिनों में।

कुल मिलाकर शुरूआत करें Positive से। ऐसा भी लक्ष्य.... शुरूआत में कर सकते हैं, Flexible बनें।

सबको जुड़ना है, धर्म-ध्यान से जुड़ें।

इससे सकल संघ में, तीर्थंकर प्रभु के कल्याणक तिथियों के प्रति जागृति सर्व श्रद्धा भाव बढ़ेंगे।

¬ **नमो लोए सव्व साहूणं** । यह सिर्फ संकेत के लिए है...

वर्तमान आचार्य श्री हस्तीमलजी म.सा. और आचार्य श्री रत्नसुन्दर सूरीश्वरजी म.सा. का जन्म कल्याणक के दिनों में ही जन्म हुआ है तथा वर्तमान और भूत के कई जाने-माने आचार्य तथा संतों का जन्म कल्याणक के दिनों में ही हुआ तथा इन्होंने आध्यात्मिक जगत् में चार चाँद लगाये हैं।

ऐसे ही भव्य आत्मा का जन्म आपके घर में हुआ है तो चेक करें तथा Time तिथि के साथ अर्थात् तिथि की शुरूआत से तिथि समाप्ति काल में Check करें। **जो संसार के काम में और अध्यात्म के क्षेत्र में भी चार चाँद लगा सकते हैं।**

(Normal) जन्म होना चाहिए (Operation) से नहीं इस पर काफी शौध Research चल रहा है।

वह सिर्फ श्रद्धा कल्याणक तिथि पर श्रद्धा के लिए है।

आपने यह गौर किया होगा मंदिरों की प्रतिष्ठा, तप, दीक्षा, स्थानक 95 प्रतिशत इन्हीं कल्याणक दिनों में सम्पन्न होते हैं। अन्य आध्यात्मिक कार्य में भी इन तिथियों का उपयोग बड़ी श्रद्धा से किया जाता है।

श्रावक लोग अपनी व्यस्तता के कारण समय पर जप नहीं कर पा रहे हैं तो माला अपने दुकान में गल्ला पेटी या अन्य शुभ जगह में रखकर जब भी समय मिले जप करने का, उस दिन का लक्ष्य रखें। शुरूआत करेंपरिणाम अच्छे मिलेंगे।

¬ श्री असिआउसाय नमः

वि.सं. 2081 चैत्र सुदी 1, अप्रैल 2024 से 29.03.25 तक

Date :	वार -	सूर्योदय तिथि	तीर्थंकर नाम जप -	कल्याणक -	तिथि शुरूआत और तिथि समाप्ति काल
11-4-24	गुरूवार	चैत्र सुदि 2	¬ श्रीं कुन्थुनाथजी सर्वज्ञाय नमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 10-4-24 Time 17-43 से तिथि अंत 11-4-24 Time 15-4 तक
13-4-24	शनिवार	चैत्र सुदि 5	¬ श्रीं अनन्तनाथाय पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 12-4-24 Time 13-13 मिनट से तिथि अंत 13-4-24 Time 12-5 तक दोपहर
13-4-24	शनिवार	चैत्र सुदि 5	¬ श्रीं अजिनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 12-4-24 Time 13-13 मिनट से

					तिथि अंत 13-4-24 Time 12-5 तक दोपहर
13-4-24	शनिवार	चैत्र सुदि 5	¬ श्रीं संभवनाथजी पारंगताय नमः	मोक्ष	तिथि शुरू 12-4-24 Time 13-13 मिनट से तिथि अंत 13-4-24 Time 12-5 तक दोपहर
17-4-24	बुधवार	चैत्र सुदि 9	¬ श्रीं सुमतिनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 16-4-24 Time 13-26 मिनट दोपहर तिथि अंत 17-4-24 Time 15-15 तक दोपहर
19-4-24	शुक्रवार	चैत्र सुदि 11	¬ श्रीं सुमतिनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 18-4-24 Time 17-33 मिनट दोपहर तिथि अंत 19-4-24 Time 20-05 तक
21-4-24	रविवार	चैत्र सुदि 13	¬ श्रीं महावीरस्वामीजी अर्हते नमः	जन्म	तिथि शुरू 20-4-24 Time 22-43 मिनट दोपहर तिथि अंत 21-4-24 Time 25-12 मिनट तक
23-4-24	मंगलवार	चैत्र सुदि 15	¬ श्रीं पद्मप्रभुजी सर्वज्ञयायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 22-4-24 Time 27-26 मिनट दोपहर तिथि अंत 23-4-24 Time 29-19 मिनट तक
24-4-24	बुधवार	वैशाख वदी 1	¬ श्रीं कुंथुनाथजी पारंगतायनमः वृद्धि तिथि	मोक्ष	तिथि शुरू 23-4-24 Time 29-20 मिनट तक तिथि अंत 25-4-24 Time 6-46 मिनट तक
26-4-24	शुक्रवार	वैशाख वदी 2	¬ श्रीं शीतलनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 25-4-24 Time 6-47 मिनट दोपहर तिथि अंत 26-4-24 Time 7-47 मिनट तक
29-4-24	सोमवार	वैशाख वदी 5	¬ श्रीं कुंथुनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 28-4-24 Time 8-23 मिनट दोपहर तिथि अंत 29-4-24

					Time 7-38 मिनट तक
30-4-24	मंगलवार	वैशाख वदी 6	¬ श्रीं शीतलनाथजी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 29-4-24 Time 7-59 मिनट तिथि अंत 30-4-24 Time 7-06 मिनट सुबह तक
3-5-24	शुक्रवार	वैशाख वदी 10	¬ श्रीं नमि(नेमि)नाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 2-5-24 Time 25-55 मिनट रात से तिथि अंत 3-5-24 Time 23-25 मिनट तक
6-5-24	सोमवार	वैशाख वदी 13	¬ श्रीं अनंतनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 5-5-24 Time 17-43 से तिथि अंत 6-5-24 Time 14-41 मिनट तक
7-5-24	मंगलवार	वैशाख वदी 14	¬ श्रीं अनंतनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 5-5-24 Time 14-42 से तिथि अंत 6-5-24 Time 11-41 मिनट तक
7-5-24	मंगलवार	वैशाख वदी 14	¬ श्रीं अनंतनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 5-5-24 Time 14-42 से तिथि अंत 6-5-24 Time 11-41 मिनट तक
6-5-24	मंगलवार	वैशाख वदी 14	¬ श्रीं कुंथुनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 6-5-24 Time 14-42 से तिथि अंत 7-5-24 Time 11-41 मिनट तक
11-5-24	शनिवार	वैशाख वदी 4	¬ श्रीं अभिनंदनजी परमेष्ठीनमः	च्यवन	तिथि शुरू 10-5-24 Time 26-52 से तिथि अंत 11-5-24 Time 26-05 मिनट तक
14-5-24	मंगलवार	वैशाख वदी 7	¬ श्रीं धर्मनाथजी परमेष्ठीनमः	च्यवन	तिथि शुरू 13-5-24 Time 26-52 से तिथि अंत 14-5-24 Time 28-20 मिनट तक

15-5-24	बुधवार	वैशाख वदी 8	¬ श्रीं अभिनंदनजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 15-5-24 सूर्य उदय से शुरू तिथि अंत 16-5-24 Time 06-23 मिनट तक सुबह
15-5-24	बुधवार	वैशाख वदी 8	¬ श्रीं सुमतिनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 15-5-24 सूर्योदय तिथि अंत 16-5-24 Time 6-49 मिनट तक
17-5-24	शुक्रवार	वैशाख वदी 9	¬ श्रीं सुमतिनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 16-5-24 Time 6-24 से तिथि अंत 17-5-24 Time 8-49 मिनट तक
18-5-24	शनिवार	वैशाख वदी 10	¬ श्रीं महावीरस्वामीजी सर्वज्ञायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 17-5-24 Time 8-50 से तिथि अंत 18-5-24 Time 11-23 मिनट तक
20-5-24	सोमवार	वैशाख वदी 12	¬ श्रीं विमलनाथजी परेमष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 19-5-24 Time 13-52 से तिथि अंत 20-5-24 Time 15-59 मिनट तक
21-5-24	मंगलवार	वैशाख वदी 13	¬ श्रीं अजितनाथजी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 20-5-24 Time 16-00 से तिथि अंत 21-5-24 Time 17-40 मिनट तक
29-5-24	बुधवार	जेठ वदी 6	¬ श्रीं श्रेयांसनाथजी परमेष्ठीने नमः	च्यवन	तिथि शुरू 28-5-24 Time 15-25 से तिथि अंत 29-5-24 Time 13-40 मिनट तक
31-5-24	शुक्रवार	जेठ वदी 8	¬ श्रीं मुनिसुव्रतस्वामजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 30-5-24 Time 11-15 से तिथि अंत 31-5-24 Time 9-39 मिनट तक
1-6-24	शनिवार	जेठ वदी 9	¬ श्रीं मुनिसुव्रतस्वामीजी परमेष्ठीने	नमः मोक्ष	तिथि शुरू 31-5-24

					Time 9-40 से तिथि अंत 1-6-24 Time 7-25 मिनट तक सुबह
4-6-24	मंगलवार	जेठ वदी 13	¬ श्रीं शांतिनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 3-6-24 Time 24-20 से तिथि अंत 4-6-24 Time 22-02 मिनट तक
4-6-24	मंगलवार	जेठ वदी 13	¬ श्रीं शांतिनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 3-6-24 Time 24-20 से तिथि अंत 4-6-24 Time 22-02 मिनट तक
5-6-24	बुधवार	जेठ वदी 14	¬ श्रीं शांतिनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 4-6-24 Time 22-03 से तिथि अंत 5-6-24 Time 19-56 मिनट तक
11-6-24	मंगलवार	जेठ सुदी 5	¬ श्रीं धर्मनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 10-6-24 Time 16-17 से तिथि अंत 11-6-24 Time 17-28 मिनट तक
15-6-24	शनिवार	जेठ सुदी 9	¬ श्रीं वासुपूज्यस्वामी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 14-6-24 Time 24-06 से तिथि अंत 15-6-24 Time 26-33 मिनट तक
19-6-24	बुधवार	जेठ सुदी 12	¬ श्रीं सुपार्श्वनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 18-6-24 Time 6-26 से तिथि अंत 19-6-24 Time 7-29 मिनट तक
20-6-24	गुरुवार	जेठ सुदी 13	¬ श्रीं सुपार्श्वनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 19-6-24 Time 7-30 से तिथि अंत 20-6-24 Time 7-51 मिनट तक
25-6-24	मंगलवार	आषाढ़वदी 4	¬ श्रीं ऋषभदेवजी परमेष्ठिनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 24-6-24 Time 25-25 से

					तिथि अंत 25-6-24 Time 23-12 मिनट तक
28-6-24	शुक्रवार	आषाढ़वदी 7	¬ श्रीं विमलनाथजी पारंगतायमः	मोक्ष	तिथि शुरू 27-6-24 Time 18-41 से तिथि अंत 28-6-24 Time 16-28 मिनट तक
30-6-24	रविवार	आषाढ़वदी 9	¬ श्रीं नमिनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 29-6-24 Time 14-22 से तिथि अंत 30-6-24 Time 12-20 मिनट तक
12-7-24	शुक्रवार	आषाढ़सुदी 6	¬ श्रीं महावीरस्वामीजी परमेष्ठिने नमः	च्यवन	तिथि शुरू 11-7-24 Time 12-34 से तिथि अंत 12-7-24 Time 12-33 मिनट तक
14-7-24	रविवार	आषाढ़सुदी 8	¬ श्रीं अरिष्टनेमीजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 13-7-24 Time 15-07 से तिथि अंत 14-7-24 Time 17-27 मिनट तक
12-7-24	शुक्रवार	आषाढ़सुदी 6	¬ श्रीं महावीरस्वामीजी परमेष्ठिनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 11-7-24 Time 12-34 से तिथि अंत 12-7-24 Time 12-33 मिनट तक
19-7-24	शनिवार	आषाढ़वदी 14	¬ श्रीं वासुपूज्यस्वामी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 19-7-24 Time 19-34 से तिथि अंत 20-7-24 Time 18-00
24-7-24	बुधवार	श्रावण वदी 3	¬ श्रीं श्रेयांसनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 23-7-24 Time 10-25 से तिथि अंत 24-7-24 Time 7-31 मिनट तक
27-7-24	शनिवार	श्रावण वदी 7	¬ श्रीं अनंतनाथजी परमेष्ठीने नमः	च्यवन	तिथि शुरू 26-7-24 Time 23-32 से तिथि अंत 27-7-24

					Time 21-20 मिनट तक
28-7-24	रविवार	श्रावण वदी 8	¬ श्रीं नमिनेमीनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 27-7-24 Time 21-21 से तिथि अंत 28-7-24 Time 19-28 मिनट तक
29-7-24	सोमवार	श्रावण वदी 9	¬ श्रीं कुंथुनाथजी परेमष्ठीने नमः	च्यवन	तिथि शुरू 28-7-24 Time 19-29 से तिथि अंत 29-7-24 Time 17-56 मिनट तक
6-8-24	मंगलवार	श्रावण वदी 2	¬ श्रीं सुमतिनाथजी परमेष्ठीनमः	च्यवन	तिथि शुरू 5-8-24 Time 18-04 से तिथि अंत 6-8-24 Time 19-53 मिनट तक
9-8-24	शुक्रवार	श्रावण वदी 5	¬ श्रीं अरिष्टनेमीजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 8-8-24 Time 24-37 से तिथि अंत 9-8-24 Time 27-15 मिनट तक
10-8-24	शनिवार	श्रावण वदी 6	¬ श्रीं अरिष्टनेमीजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 9-8-24 Time 27-16 से तिथि अंत 10-8-24 Time 29-46 मिनट तक
13-8-24	मंगलवार	श्रावण वदी 8	¬ श्रीं पार्श्वनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 12-8-24 Time 9-32 से तिथि अंत 13-8-24 Time 7-32 मिनट तक
19-8-24	सोमवार	श्रावण वदी 15	¬ श्रीं मुनिसुव्रतजी परेमष्ठीने नमः	च्यवन	तिथि शुरू 18-8-24 Time 27-05 से तिथि अंत 19-8-24 Time 23-56 मिनट तक
25-8-24	रविवार	भादवा वदी 7	¬ श्रीं चन्द्रप्रभुजी पारगंतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 24-8-24 Time 24-32 से तिथि अंत 25-8-24 Time 21-40 मिनट तक

25-8-24	रविवार	भादवा वदी 7	¬ श्रीं शांतिनाथजी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 24-8-24 Time 29-32 से तिथि अंत 25-8-24 Time 27-40 मिनट तक
26-8-24	सोमवार	भादवा वदी 8	¬ श्रीं सुपार्श्वनाथजी परेमष्ठीनमः	च्यवन	तिथि शुरू 25-8-24 Time 27-41 से तिथि अंत 26-8-24 Time 26-20 मिनट तक
12-9-24	गुरूवार	भादवा वदी 9	¬ श्रीं सुविधिनाथजी पारगंतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 11-9-24 Time 23-48 से तिथि अंत 12-9-24 Time 23-33 मिनट तक
2-10-24	श्राद्ध बुधवार	आसोज वदी 30	¬ श्रीं अरिष्टनेमीजी सर्वज्ञायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 1-10-24 Time 21-41 से तिथि अंत 2-10-24 Time 24-19 मिनट तक
17-10-24	गुरूवार	आसोज सुदी 15	¬ श्रीं नमि(नेमि)नाथजी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 16-10-24 Time 20-42 से तिथि अंत 17-10-24 Time 16-56 मिनट तक
21-10-24	सोमवार	कार्तिक वदी 5	¬ श्रीं संभवनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 20-10-24 Time 28-18 से तिथि अंत 21-10-24 Time 26-30 मिनट तक
29-10-24	मंगलवार	कार्तिक वदी 12	¬ श्रीं अरिष्टनेमिजी परमेष्ठीने नमः	च्यवन	तिथि शुरू 28-10-24 Time 7-52 से तिथि अंत 29-10-24 Time 10-32 मिनट तक
29-10-24	मंगलवार	कार्तिक वदी 12	¬ श्रीं पद्मप्रभजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 28-10-24 Time 7-52 से तिथि अंत 29-10-24 Time 10-32 मिनट तक
30-10-24	बुधवार	कार्तिक वदी 13	¬ श्रीं पद्मप्रभजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 29-10-24

			धनतेरस		Time 10-33 से
					तिथि अंत 30-10-24 Time 13-16 मिनट दोपहर
1-11-24	शुक्रवार	कार्तिक वदी 30	¬ श्रीं महावीरस्वामीजी पारंगतायनमः दीपावली	मोक्ष	तिथि शुरू 31-11-24 Time 15-54 से तिथि अंत 1-11-24 Time 18-17 शाम मिनट तक
4-11-24	सोमवार	कार्तिक सुदि 3	¬ श्रीं सुविधिनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 3-11-24 Time 22-07 से तिथि अंत 4-11-24 Time 23-25 मिनट तक
13-11-24	बुधवार	कार्तिक सुदि 12	¬ श्रीं अरनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 12-11-24 Time 16-06 से तिथि अंत 13-11-24 Time 13-02 मिनट तक
20-11-24	बुधवार	मिगसर वदी 5	¬ श्रीं सुविधिनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 19-11-24 Time 17-30 से तिथि अंत 20-11-24 Time 16-50 मिनट तक
21-11-24	गुरुवार	मिगसर वदी 6	¬ श्रीं सुविधिनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 20-11-24 Time 16-51 से तिथि अंत 21-11-24 Time 17-04 मिनट तक
25-11-24	सोमवार	मिगसर वदी 10	¬ श्रीं महावीरस्वामीजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 24-11-24 Time 22-21 से तिथि अंत 25-11-24 Time 25-02 मिनट तक
26-11-24	मंगलवार	मिगसर वदी 11	¬ श्रीं पद्मप्रभजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 25-11-24 Time 25-03 से तिथि अंत 26-11-24 Time 27-48 मिनट तक
10-12-24	मंगलवार	मिगसर सुदि 10	¬ श्रीं अरनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 9-12-24 Time 30-03 से

					तिथि अंत 10-12-24 Time 27-43 मिनट तक
10-12-24	मंगलवार	मिगसर सुदि 10	¬ श्रीं पारसनाथजी पारसनाथनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 09-12-24 Time 30-03 से तिथि अंत 10-12-24 Time 27-43 मिनट तक
11-12-24	बुधवार	मिगसर सुदि 11	¬ श्रीं मल्लिनाथजी अर्हतेनमः मौन ग्यारस	जन्म	तिथि शुरू 10-12-24 Time 27-44 से तिथि अंत 11-12-24 Time 25-10 मिनट तक
11-12-24	बुधवार	मिगसर सुदि 11	¬ श्रीं अरनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 10-12-24 Time 27-44 से तिथि अंत 11-12-24 Time 25-10 मिनट तक
11-12-24	बुधवार	मिगसर सुदि 11	¬ श्रीं मल्लिनाथजी नाथायनमः	केवल	तिथि शुरू 10-12-24 Time 27-44 से तिथि अंत 11-12-24 Time 25-10 मिनट तक
11-12-24	बुधवार	मिगसर सुदि 11	¬ श्रीं मल्लिनाथजी नाथायनमः	केवल	तिथि शुरू 10-12-24 Time 27-44 से तिथि अंत 11-12-24 Time 25-10 मिनट तक
11-12-24	बुधवार	मिगसर सुदि 11	¬ श्रीं नमिनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 10-12-24 Time 27-44 से तिथि अंत 11-12-24 Time 25-10 मिनट तक
14-12-24	शनिवार	मिगसर सुदि 14	¬ श्रीं संभवनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 13-12-24 Time 19-42 से तिथि अंत 14-12-24 Time 16-59 मिनट तक
15-12-24	रविवार	मिगसर सुदि 15	¬ श्रीं संभवनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 14-12-24 Time 17-20 से तिथि अंत 15-12-24

					Time 14-32 मिनट दोपहर तक
25-12-24	बुधवार	पौष वदी 10	॥ श्रीं पार्श्वनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 24-12-24 Time 19-54 से तिथि अंत 25-12-24 Time 22-30 मिनट तक
26-12-24	गुरुवार	पौष वदी 11	॥ श्रीं पार्श्वनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 25-12-24 Time 22-31 से तिथि अंत 26-12-24 Time 24-44 मिनट तक
27-12-24	शुक्रवार	पौष वदी 12	॥ श्रीं चन्द्रप्रभजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 26-12-24 Time 24-45 से तिथि अंत 27-12-24 Time 26-27 मिनट तक
28-12-24	शनिवार	पौष वदी 13	॥ श्रीं चन्द्रप्रभजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 27-12-24 Time 26-28 से तिथि अंत 28-12-24 Time 27-33 मिनट तक
29-12-24	रविवार	पौष वदी 14	॥ श्रीं शीतलनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 28-12-24 Time 27-34 से तिथि अंत 29-12-24 Time 28-02 मिनट तक
5-1-25	रविवार	पौष सुदी 6	॥ श्रीं विमलनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 4-1-25 Time 22-03 से तिथि अंत 5-1-25 Time 20-16 मिनट तक
8-1-25	बुधवार	पौष सुदी 9	॥ श्रीं शांतिनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 7-1-25 Time 16-27 से तिथि अंत 8-1-25 Time 14-26 मिनट तक
10-1-25	शुक्रवार	पौष सुदी 11	॥ श्रीं अजितनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 9-1-25 Time 12-23 से तिथि अंत 10-1-25 Time 10-20 मिनट तक

12-1-25	रविवार	पौष सुदी 14	¬ श्रीं अभिनंदनजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 11-1-25 Time 30-35 से तिथि अंत 12-1-25 Time 29-03 मिनट तक
13-1-25	सोमवार	पौष सुदी 15	¬ श्रीं धर्मनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 12-1-25 Time 29-04 से तिथि अंत 13-1-25 Time 27-57 मिनट तक
20-1-25	सोमवार	माघ वदी 6	¬ श्रीं पद्मप्रभुजी परमेष्ठीनमः	च्यवन	तिथि शुरू 19-1-25 Time 07-32 से तिथि अंत 20-1-25 Time 09-59 मिनट तक
26-1-25	रविवार	माघ वदी 12	¬ श्रीं शीतलनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 25-1-25 Time 20-33 से तिथि अंत 26-1-25 Time 20-55 मिनट तक
26-1-25	रविवार	माघ वदी 12	¬ श्रीं शीतलनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 25-1-25 Time 20-55 से तिथि अंत 26-1-25
27-1-25	सोमवार	माघ वदी 13	¬ श्रीं ऋषभदेवजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 26-1-25 Time 20-56 से तिथि अंत 27-1-25 Time 20-35 मिनट तक
29-1-25	बुधवार	माघ वदी 30	¬ श्रीं श्रेयांसनाथजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 28-1-25 Time 19-37 से तिथि अंत 29-1-25 Time 18-06 मिनट तक
31-1-25	शुक्रवार	माघ सुदी 2	¬ श्रीं अभिनंदनजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 30-1-25 Time 16-12 से तिथि अंत 31-1-25 Time 14-00 मिनट तक
31-1-25	शुक्रवार	माघ सुदी 2	¬श्रीं वासुपूज्यजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 30-1-25 Time 16-12 से

					तिथि अंत 31-1-25 Time 14-00 मिनट तक
1-2-25	शनिवार	माघ सुदी 3	¬ श्रीं धर्मनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 31-1-25 Time 14-01 से तिथि अंत 1-2-25 Time 11-39 मिनट तक
1-2-25	शनिवार	माघ सुदी 3	¬ श्रीं विमलनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 31-1-25 Time 14-01 से तिथि अंत 1-2-25 Time 11-39 मिनट तक
2-2-25	शनिवार	माघ सुदी 4	¬ श्रीं विमलनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 1-2-25 Time 11-40 से तिथि अंत 2-2-25 Time 09-15 मिनट तक
5-2-25	बुधवार	माघ सुदी 8	¬ श्रीं अजितनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 4-2-25 Time 26-33 से तिथि अंत 5-2-25 Time 24-36 मिनट तक
6-2-25	गुरूवार	माघ सुदी 9	¬ श्रीं अजितनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 5-2-25 Time 24-37 से तिथि अंत 6-2-25 Time 22-54 मिनट तक
9-2-25	रविवार	माघ सुदी 12	¬ श्रीं अभिनंदनजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 8-2-25 Time 20-17 से तिथि अंत 9-2-25 Time 19-26 मिनट तक
10-2-25	सोमवार	माघ सुदी 13	¬ श्रीं धर्मनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 9-2-25 Time 19-27 से तिथि अंत 10-2-25 Time 18-58 मिनट तक
18-2-25	मंगलवार	फागुन वदी 6	¬ श्रीं सुपार्श्वनाथजी सर्वज्ञायनमः वृद्धि तिथि	केवलज्ञान	तिथि शुरू 17-2-25 Time 28-54 से तिथि अंत 19-2-25

					Time 07-33 मिनट तक
20-2-25	गुरुवार	फागुन वदी 7	¬ श्रीं सुपार्श्वनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 19-2-25 Time 07-34 से तिथि अंत 20-2-25 Time 09-59 मिनट तक
20-2-25	गुरुवार	फागुन वदी 7	¬ श्रीं चन्द्रप्रभजी सर्वज्ञायनमः	केवल	तिथि शुरू 19-2-25 Time 07-34 से तिथि अंत 20-2-25 Time 09-59 मिनट तक
22-2-25	शनिवार	फागुन वदी 6	¬ श्रीं सुविधिनाथजी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 21-2-25 Time 11-59 से तिथि अंत 22-2-25 Time 13-20 मिनट तक
24-2-25	सोमवार	फागुन वदी 11	¬ श्रीं ऋषभदेवजी सर्वज्ञायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 23-2-25 Time 13-57 से तिथि अंत 24-2-25 Time 13-45 मिनट तक
25-2-25	मंगलवार	फागुन वदी 12	¬ श्रीं मुनिसुव्रतस्वामीजी सर्वज्ञायनमः	केवलज्ञान	तिथि शुरू 24-2-25 Time 13-46 से तिथि अंत 25-2-25 Time 12-48 मिनट तक
25-2-25	मंगलवार	फागुन वदी 12	¬ श्रीं श्रेयांसनाथजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 24-2-25 Time 13-46 से तिथि अंत 25-2-25 Time 12-48 मिनट तक
26-2-25	बुधवार	फागुन वदी 13	¬ श्रीं श्रेयांसनाथजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 25-2-25 Time 12-49 से तिथि अंत 26-2-25 Time 11-09 मिनट तक
27-2-25	गुरुवार	फागुन वदी १४	¬ श्रीं वासुपूज्यस्वामीजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 26-2-25 Time 11-10 से तिथि अंत 27-2-25 Time 08-55 मिनट तक

28-2-25	शुक्रवार	फागुन वदी अमावस्या	¬ इसलिए 27-02-25 वासुपूज्यस्वामीजी जप-तप का कल्याणक करना		
1-3-25	शनिवार	फागुन सुदि 2	¬ श्रीं अरनाथजी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 28-2-25 Time 27-17 से तिथि अंत 1-3-25 Time 24-10 मिनट तक
3-3-25	सोमवार	फागुन सुदि 4	¬ श्रीं मल्लीनाथजी परमेष्ठीनमः	च्यवन	तिथि शुरू 2-3-25 Time 21-04 से तिथि अंत 3-3-25 Time 18-03 मिनट तक
7-3-25	शुक्रवार	फागुन सुदि 8	¬ श्रीं संभवनाथजी परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 6-3-25 Time 10-52 से तिथि अंत 7-3-25 Time 09-19 मिनट तक
11-3-25	मंगलवार	फागुन सुदि 12	¬ श्रीं मुनिसुव्रतस्वामीजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 10-3-25 Time 07-46 से तिथि अंत 11-3-25 Time 8-15 मिनट तक
11-3-25	मंगलवार	फागुन सुदि 12	¬ श्रीं मल्लिनाथजी पारंगतायनमः	मोक्ष	तिथि शुरू 10-3-25 Time 07-46 से तिथि अंत 11-3-25 Time 8-15 मिनट तक
18-3-25	मंगलवार	चैत्र वदी 4	¬ श्रीं पार्श्वनाथजी परमेष्ठीनेनमः	केवल	तिथि शुरू 17-3-25 Time 19-35 से तिथि अंत 18-3-25 Time 22-10 मिनट तक
18-3-25	मंगलवार	चैत्र वदी 4	¬ श्रीं पार्श्वनाथजी सर्वज्ञायनमः	च्यवन	तिथि शुरू 17-3-25 Time 19-35 से तिथि अंत 18-3-25 Time 22-10 मिनट तक

19-3-25	बुधवार	चैत्र वदी 5	¬ श्रीं चन्द्रप्रभु परमेष्ठीनेनमः	च्यवन	तिथि शुरू 18-3-25 Time 22-11 से तिथि अंत 19-3-25 Time 24-38 मिनट तक
22-3-25	शनिवार	चैत्र वदी 8	¬ श्रीं ऋषभदेवजी अर्हतेनमः	जन्म	तिथि शुरू 21-3-25 Time 28-25 से तिथि अंत 22-3-25 Time 29-24 मिनट तक
23-3-25	रविवार	चैत्र वदी 9	¬ श्रीं ऋषभदेवजी नाथायनमः	दीक्षा	तिथि शुरू 22-3-25 Time 29-25 से तिथि अंत 23-3-25 Time 29-39 मिनट तक

इति संवत् 2081 कल्याणक तिथि संपूर्ण

ग्रहण विवरण

1. खण्ड ग्रास - चन्द्र ग्रहण

18 Sept. 2024 भारत में यह ग्रहण नहीं दिखेगा

ग्रहण समय - सवेरे - 7.43 से 8.46 मिनट तक

2. कंकण सूर्य ग्रहण - 2/3 अक्टूबर 2024

रात 21.13 से 27.17 मिनट मध्य रात्रि पर घटेगा

2/3 अक्टूबर

भारत में नहीं दिखेगा

3. खग्रास चन्द्र गहण

यह चन्द्र ग्रहण (14 मार्च 2025)

यह चन्द्र ग्रहण प्रातः 10.40 मिनट से दोपहर 14.18 तक रहेगा

भारत में नहीं दिखेगा

4. खण्ड सूर्य ग्रहण - 29 मार्च 2025

भारत में नहीं दिखेगा

ग्रहण शुरू 14.21 से 18.14 तक

महाभारत युद्ध के समय जब अभिमन्यु मारा गया तब अर्जुन बहुत दुःख से भरा कृष्ण भगवान के पास अभिमन्यु का मृत शरीर लेकर गया कि इसे फिर से जिला दें।

कृष्ण ने उसकी पीड़ा समझते हुए कहा - 'मैं इसे जिंदा कर दूंगा पर पहले यह लोटे का पानी नदी में डाल आओ। अर्जुन नदी में डाल आया तो कृष्ण बोले, अभी वही पानी वापस लौटे में भर लाओ।' अर्जुन बोला - 'जल-जल में मिलकर एक हो गया। वही जल कैसे भरकर लाऊं?' तब कृष्ण ने कहा - 'आत्मा-आत्मा से मिलकर एक हो गई। अब वही अभिमन्यु कहां से आए?' ❖❖

स्वागत गीत - तर्ज : सूरज कब दूर गगन से

- सौ. सूरजबाई बोहरा जैन-राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य, चेन्नई (तमिलनाडु)

पुण्य उदय हुये है हमारे, युवाचार्य भगवन है आज पधारे,
खिल उठी है बगिया दिल की, मन हर्षित हुये हमारे
प्रांगण में आपका स्वागत है, कि तन-मन से स्वागत है
प्रांगण में आपका स्वागत है, चरणों में वंदन है (२)

(1) लीलाबाई के मंदिर की है, तू सबसे प्यारी मूरत (२)
भगवान नजर आये, जब देखे इनकी सूरत
हे श्रमण संघ के उजियारे, गुरु आनंद के आंखों के तारे
स्वार्थीलालजी के वारे न्यारे, शिव भगवन के शिष्य है प्यारे
प्रांगण में आपका .....
प्रांगण में आपका स्वागत है चरणों में वंदन है (२)

(2) अंबर में जैसे चमके, सूरज चाँद सितारे (२)
गुरुवर आपके आने से, दिखते वही नजारे
थी जिसकी हमको प्रतीक्षा, वो शुभ अवसर है आया
नैनों में चमक आई जो, दीदार आपका पाया
प्रांगण में आपका .....
प्रांगण में आपका स्वागत है चरणों में वंदन है (२)

(3) हितेन्द्रऋषि शिष्य है प्यारे, धवल ऋषिजी तप को है धारण (२)
सेवा में रहते आपके सारे
प्रांगण में आपका .....
प्रांगण में आपका स्वागत है चरणों में वंदन है (२)

एक राजा मंत्रियों को साथ लेकर नदी पर गया। सबने नदी पर गया। सबने नदी में झांका तो उन्हें लगा कि राजा का कीमती हीरा नदी में गिर गया है। फिर तो बहुत ढूंढ मची पर नहीं मिला। राजा अलग जाकर पेड़ के नीचे बैठ गया। मंत्री राजा के पास आए कि हीरा नहीं मिला। देखा तो राजा के मुकुट में ही लगा है। नदी में गिरा ही नहीं था। परछाईं देखकर भ्रम हो गया।

सिद्धांत - भगवान पास ही है, हम बाहर ढूंढ रहे हैं। ❖❖

।।जयगुरु जीवराज संपत।। ।।जयगुरुणी धीरज प्रकाश।।

प.पू. डॉ. प्रतिभाजी म.सा. का जीवन परिचय

जन्म : १० अक्तुबर १९५५ आसोज संतोषपिंपरी, जि. हिंगोली
पिताजी/माताजी : सेठ श्री. मिठूलालजी बाफना, सौ. झंकारबाई बाफना
दिक्षा स्थान : नांदेड (महाराष्ट्र), २९ नवम्बर १९७३
अनुयायी : गुरुदेव कर्नाटक गजकेशरी घोर तपस्वी प.पू. श्री गणेशलालजी म.सा.
गुरुदेव : दक्षिण केशरी, घोर तपस्वी प.पू. श्री मिश्रीलालजी म.सा.
चरित्र चूडामणी प.पू. श्री जीवराजजी म.सा.
गुरुणीसा : महाराष्ट्र प्रवर्तिनी ज्ञान गंगोत्री प.पू. श्री प्रभाकंवरजी म.सा.
अध्ययन : जैन सिद्धांतचार्य, साहित्य रत्न, एम.ए., नवकार मंत्र में पी.एचडी, जैनागम, व्याकरण, न्याय, दर्शन का गहन अध्ययन, गुजराथी, मराठी, संस्कृत, प्राकृत, अंग्रेजी भाषाओं पर प्रभुत्व
पदवियाँ : गुरुपरिवार द्वारा कोटा संघ प्रमुखा, पुणे संघ द्वारा नवकार आराधिका, श्री जीवराजजी म.सा. द्वारा वि..वीरपुत्री, गुजरात युनिव्हर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट, श्री रुपमुनिजी म.सा. द्वारा दक्षिण सिंहनी, श्री कुंदनऋषिजी म.सा. द्वारा महाराष्ट्रसिंहनी
शिष्याएं : पू. प्रफुल्लाजी म.सा., पू. सिध्दीसुधाजी म.सा., पू. पुनिताजी म.सा., पू. दक्षिताजी म.सा., पू. उदिताजी म.सा., पू. पुण्यस्मिताजी म.सा., पू. प्रनिधीजी म.सा., पू. सुविधीजी म.सा., पू. विशुध्दिजी म.सा., पू. समितीजी म.सा., पू. गरिमाजी म.सा., पू. महिमाजी म.सा., पू. प्रणयाजी म.सा., पू. महतीजी म.सा., पू. प्रणतीजी म.सा., पू. संप्रज्ञाजी म.सा.
विचरण क्षेत्र : महाराष्ट्र, कर्नाटका, तमिळनाडु, तेलंगना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश,

प्रेरणा से
- वर्धमान गणेश प्रतिष्ठान, गोकुळवाडी, बदनापुर
- गुरु गणेश जैन महासंघ, मालोश्री वृद्धाश्रम, अहमदनगर
- गुरु गणेश तपोधाम, भुवनगिरी (त्रयनगर)
- गुरु गणेश तपोधाम, भिलाड़ा, राजस्थान
- जैन सोशल ऑर्गनाइजेशन (भारत)
- गुरु गणेश जैन गौशाला, ताम्बरम, चेन्नई

पावन बने क्षेत्र चातुर्मास से

१९७४ किनगांव जट्टू	१९८७ अमरावती	२००० पुणे, चिंचवड	२०१३ लातूर
१९७५ अमरावती	१९८८ बडनेरा	२००१ पाथर्डी	२०१४ औरंगाबाद
१९७६ नागपुर	१९८९ नेर	२००२ अहमदनगर	२०१५ इंदौर
१९७७ कटंगी	१९९० शेवली	२००३ चेन्नई, आरकोणम	२०१६ रायचूर
१९७८ भंडारा	१९९१ लातूर	२००४ सिकेन्द्राबाद	२०१७ पुणे, आदिनाथ
१९७९ राळेगाव	१९९२ यवतमाळ	२००५ पुणे, बिबवेवाडी	२०१८ पुणे, प्राधिकरण
१९८० आर्णी	१९९३ परभणी	२००६ नाशिक	२०१९ जालना
१९८१ वणी	१९९४ राळेगाव	२००७ औरंगाबाद	२०२० चेन्नई, ताम्बरम
१९८२ यवतमाळ	१९९५ अकोला	२००८ जालना	२०२१ चेन्नई, ओल्ड पेठ
१९८३ औरंगाबाद	१९९६ श्रीरामपुर	२००९ वैजापुर	२०२२ गोकुळवाडी
१९८४ नांदेड	१९९७ जामखेड़	२०१० शिर्डी	२०२३ गोकुळवाडी
१९८५ ढाणकी	१९९८ नागपुर	२०११ जालना	
१९८६ परभणी	१९९९ पुणे, आदिनाथ	२०१२ सिकेन्द्राबाद	

कोटा संघ प्रमुखा, महाराष्ट्र प्रवर्तिनी पूज्य डॉ. श्री प्रतिभाकंवरजी म.सा. के श्रीचरणों में जैन कॉन्फ्रेंस, नई दिल्ली परिवार का सादर वंदन-नमन-अभिंनदन! नव पद प्रतिष्ठा - आचार्य भंगवत पू. डॉ. श्री शिवमुनिजी म.सा. वरिष्ठ प्रर्वर्तक पू. श्री कुंदनऋषिजी म.सा. के द्वारा महाराष्ट्र प्रवर्तिनी पद से विभूषित होने पर हार्दिक मंगल कामनाएं। आपके अनुभवी कुशल मार्गदर्शन में श्रमण संघ उतरोत्तर प्रगति करें, जन-जन आपके पुण्य आशीर्वाद से लाभान्वित हो। ❖❖

मार्च 2024 माह में सम्पन्न कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ...

जैन कॉन्फ्रेंस की साधु-साध्वीवृन्द की सेवार्थ गठित राष्ट्रीय वैय्यावच्च योजना द्वारा समर्पण भावों के साथ जारी सेवा कार्यों का प्रेरणात्मक विवरण

बैंगलुरु (कर्नाटक) : जैन कॉन्फ्रेंस की अति महत्वपूर्ण वैय्यावच्च योजना द्वारा सेवा कार्यों को पूर्व की भांति मई माह में भी गति प्रदान की गई है। हर प्रांत की वैय्यावच्च समितियों ने स्थानीय श्रीसंघ और उनके पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सम्पूर्ण देश में वैय्यावच्च गतिविधियों के माध्यम से पूज्य गुरु भगवंतों के लिए सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। वैय्यावच्च योजना के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री अशोकजी रांका जैन, राष्ट्रीय योजना अध्यक्ष श्री जे. रतनचंदजी सिंघवी जैन के सामूहिक सद्प्रयासों से गुरु भगवंतों की वैय्यावच्च संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मई माह में भी अप्रत्याशित कार्य हुए। मई माह में राष्ट्रीय वैय्यावच्च योजना की केन्द्रीय समिति ने विभिन्न सिंघाड़ों के सेवादारों को 3,09,000 रुपये की धनराशि मासिक वेतन के रूप में प्रदान की गई है। संत-सतीवृंद के स्वास्थ्य हेतु दवाइयों के रूप में 1,34,500 रुपये की धनराशि योजना के माध्यम से खर्च कर एक कीर्तिमान स्थापित किया गया। 16,500 रुपये की धनराशि पूज्य गुरु भगवंत के लिए व्हील चेयर क्रय करने में खर्च की गई। इस प्रकार कुल 5,21,000 रुपये की धनराशि वैय्यावच्च गतिविधियों में मई माह में सेवार्थ खर्च की गई। जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आनंदमलजी छल्लाणी जैन, वैय्यावच्च योजना के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री अशोकजी रांका जैन, योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे. रतनचंदजी सिंघवी जैन, राष्ट्रीय मंत्री श्री मनोहरलालजी लोढ़ा जैन आदि की टीम की ओर से तहेदिल से आभार।

VAYYAVACCH YOJANA ACCOUNT

SHRI ALL INDIA S. S. JAIN CONFERENCE
CANARA BANK BRANCH
GOLE MARKET, NEW DELHI - 110 001
ACCOUNT NO - 0270101137280
IFSC CODE : CNRB0000270

सहयोग हेतु अपील

DONATE

अत्यंत गंभीर बीमारी से ग्रसित मास्टर वेहंत जैन की सहायतार्थ निवेदन

श्री सुशील जैन, त्रिनगर (जैन महासंघ, दिल्ली प्रदेश में सेवारत) के सुपौत्र मास्टर वेहंत जैन सुपुत्र श्री मोहित जैन, जिनकी आयु मात्र 15 माह है, वे स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (Spinal Muscular Atrophy) नामक दुर्लभ एवम् अनुवांशिक बीमारी से ग्रसित हैं। यह बीमारी शरीर की मांसपेशियों की शक्ति एवम् गति को बुरी तरह से प्रभावित कर देती है । इस रोग की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों के परामर्श अनुसार इस रोग का उपचार यथाशीघ्र कराया जाना बहुत ज़रूरी है। इस रोग के उपचार का खर्च करोड़ों में है । अतः समाजजनों से यह विनम्र आग्रह है कि वे मास्टर वेहंत जैन के जीवन को सामान्य बनाने में अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करें ।

आर्थिक सहायता हेतु उपरोक्त QR कोड का प्रयोग कर सकते हैं । इस राशि पर आयकर की धारा 80जी के अंतर्गत छूट उपलब्ध है । राशि दान करने का लिंक - https://www.impactguru.com/fundraiser/help-vehant-jain

प्रेषक एवं निवेदक - मोहित जैन : मो. **9871205883**, सुशील जैन : मो. **7503903448**

समाचार प्रकाश

तप : कर्म निर्जरा का सर्वोत्तम साधन है - आचार्य शिवमुनि

लाभार्थी नितिनकुमार जैन ने श्रेयांसकुमार बन करया 116 तपस्वियों का पारणा

सूरत (गुजरात) : शिवाचार्य आत्म-ध्यान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित अक्षय-तृतीया वर्षीतप पारणा महोत्सव, श्रमण संघ स्थापना दिवस व गुरु ज्ञान जन्म जयंती के पावन अवसर पर श्री लब्धि विक्रम राजयश सूरिश्वर जैन तीर्थ धाम, बलेश्वर, सूरत के प्रांगण में वर्षीतप के तपस्वी और आए हुए हजारों श्रद्धालु, श्रावक-श्राविकाओं को प्रेरक उद्‌बोधन संदेश प्रदान करते हुए श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य सम्राट पूज्य डॉ. श्री शिवमुनिजी म.सा. ने फरमाया कि आज की तिथि अक्षय तृतीया इसका महत्व प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान की निरन्तर निर्जल 13 महीने की कठिन तपस्या के बाद पारणे के महत्व को लेकर आती है। करोड़ो वर्ष बीत जाने के बाद भी यह तिथि अक्षय है, शाश्वत है, कभी न मिटने वाली है। भगवान् ऋषभदेव इस अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर है। धर्म तीर्थ की स्थापना तीर्थंकर करते है। युवराज अवस्था में कुमार ऋषभ ने आर्य सभ्यता की नींव डाली थी। कल्पवृक्ष जब समाप्त हुए तो भगवान ने असि मसि कृषि का ज्ञान सामान्य जनता को दिया था। पुरुषों को 72 तो महिलाओं को 64 कलाएं सिखाई थी। तीर्थंकर सूर्य के समान होते है। सूर्य जैसे दूर रहकर भी अपनी किरणों से कमलों को खिला देता है वैसे ही तीर्थंकर अपने ज्ञान के प्रकाश से मानव मात्र को प्रकाशित करते है।

अक्षय तृतीया का पर्व आध्यात्मिक पर्व है। आज के दिन का महत्व दान और तप से है, आज के दिन भगवान ऋषभदेव ने 13 महीने की कठिन तपस्या के बाद राजा श्रेयांस कुमार से ईक्षुरस ग्रहण कर पारणा किया था, उसी परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए आज भी साधु-साध्वीवृंद एवं श्रावक-श्राविका वर्षीतप की आराधना करते है। तप आत्मा का श्रृंगार है, तप करना कोई साधारण काम नहीं है, तप वही कर सकता है जिसका मनोबल मजबूत होता है, तप से तपकर ही जीवन कुंदन बनता है जो तपस्या नहीं कर सकते वह अनुमोदना जरूर करें। तप का मुख्य लक्ष्य कषाय और इन्द्रियों को वश करना है। तप कर्म निर्जरा का सर्वोत्तम साधन है।

मुझे आज स्मरण हो रहा है मेरी वर्षीतप की तपस्या कैसे प्रारम्भ हुई? उन दिनों मेरा प्रवास ब्यावर में था। वहीं के सुश्रावक श्री चांदमलजी विनायक्या दर्शन हेतु उपस्थित हुए और उन्होंने प्रेरणा दी कि मुनि जी वर्षीतप करना प्रारम्भ करो और लोगस्स का पाठ भी करो। एक श्रावक एक मुनि को प्रेरित करें यह सोचकर मैंने तपस्या प्रारम्भ कर दी, परन्तु राजस्थान में गर्मी भीषण होती है ब्यावर प्रवास के बाद मेरा चातुर्मास जोधपुर में था। वातावरण की प्रतिकूलता से मैंने वर्षीतप करना छोड़ दिया। श्रावक श्री चांदमलजी पुनः जोधपुर चातुर्मास में दर्शनार्थ उपस्थित हुए और उन्होंने वर्षीतप की साता पृच्छा की तो मैंने सहज भाव से कह दिया कि वातावरण की प्रतिकूलता से मैंने तपस्या छोड़ दी है। श्रावक जी ने पुनः प्रेरणा दी कि आपको वर्षीतप करना चाहिए। तब मैंने पुनः तपस्या प्रारम्भ कर दी। तब से अब तक यह तपस्या निर्विघ्न रूप से गतिमान है। ऐसा नहीं है कि तप करते हुए परीषह नहीं आयेंगे। बीते दिनों में मेरे भी कई निकाचित कर्म उदय में आए। ऑपरेशन जैसे स्थितियाँ भी उत्पन्न हुई, पर मैंने तपस्या नहीं छोड़ी। आज कल कुछ तपस्वी जरा सी प्रतिकूलता आने पर घबरा जाते हैं। तपस्या की है तो निश्चित है कर्म उदय में आयेंगे, आए हुए कर्मों को क्षय करना यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

अक्षय तृतीया के दिन ही श्रमणसंघ की स्थापना हुई थी। 22 आचार्यों ने अपने आचार्य पद का त्यागकर श्रमण संघ की स्थापना की एवं एक आचार्य, एक समाचारी की व्यवस्था प्रदान की। मैं अपने समस्त पूर्वाचार्यों को नमन करता हूँ। यह श्रमण संघ सदैव जयवंत था, श्रमण संघ अनेक पुष्पों का गुलदस्ता है। यह संघ निदंनीय नहीं वंदनीय है। पूर्वाचार्यों ने इस

संघ को अपनी त्याग और तपस्या से सींचा है। वर्तमान में सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्य के द्वारा संघ को नई ऊँचाइयां प्रदान कर रहे है। आज पूज्य गुरुदेव श्री ज्ञानमुनिजी का जन्म शताब्दी वर्ष समाप्त हो रहा है। गुरुदेव की अनन्त कृपा रही जिन्होंने मुझे संयम प्रदान किया है उनके उपकार मैं जीवन पर्यंत भूल नहीं सकता हूँ। मैंने उनसे साधना सीखने की प्रार्थना की और उन्होंने मुझे उस साधना को प्राप्त करने के लिए अनेक आशीर्वाद प्रदान किए। वे एक सरलात्मा संत थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में आचार्य सम्राट् पूज्य श्री आत्मारामजी म.सा. एवं श्रमण संघ की सम्पूर्ण मनोयोग से सेवा की। आज वे जहां पर भी विराजमान है उनका मुक्ति मार्ग प्रशस्त हो, यही मंगल भावना।

आज वर्षीतप पारणे के लाभार्थी एन.एन. जैन परिवार के श्री नितिन जैन श्रेयांसकुमार बने है और सबको ईक्षुरस प्रदान करके पारणा कराने वाले है। ऐसा सरल मृदु स्वभावी और धर्म समर्पित परिवार को बहुत-बहुत साधुवाद है। श्रमण संघ निष्ठा पत्र पर विशेष उद्बोधन अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्रमण संघीय प्रमुख मंत्री श्री शिरीषमुनिजी म. ने श्रमण संघ स्थापना दिवस विजन 2052 को जनमानस के समक्ष रखते हुए बतलाया कि आज समग्र विश्व में श्रमण संघ का 73वाँ स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। आने वाले 2026 में हम श्रमण संघ स्थापना हीरक महोत्सव मनाएंगे। श्रमण संघ अनेक प्रमुख आचार्यों के समर्पण की कहानी है। श्रमण संघ जयवंत था, है और रहेगा। श्रमण संघ में अनेक प्रकार के मोती है। वर्तमान में श्रमण संघ की अनेक साधु-साध्वी अपने प्रकार से प्रभावना कर रहे हैं। साधु तो एकत्रित हो गए, परंतु श्रावक बिखर गए हैं। उन श्रावकों को एकत्रित करने हेतु युवाचार्य प्रवर पू. श्री महेंद्रऋषिजी म. की संकल्पना एवं आचार्यश्रीजी के मार्गदर्शन से यह श्रमण संघ निष्ठा पत्र तैयार किया गया है, जिसे श्रमण संघ के सभी पदाधिकारी साधु-साध्वियों ने स्वीकृति प्रदान की है। जो साधु श्रमण संघ बनने के बाद श्रमण संघ को छोड़ गए, उन्होंने अपने स्थानक और श्रावक दोनों को अलग कर लिया है। अब आवश्यकता है श्रमण संघ अपने श्रावकों में सुदृढ़ता लाए और श्रमण संघीय स्थानक तैयार हो। मैं प्रत्येक श्रमण संघीय श्रद्धावान श्रावकों से यही कहना चाहूंगा कि कोई भी श्रमण संघ की निंदा ना करते हुए उसके गुण को देखें और गुणानुवाद में अपना समय लगाए।

इससे पूर्व श्रमण संघीय प्रमुखमंत्री श्री शिरीषमुनि जी ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके पश्चात् प्रवचन प्रभाकर श्री शमितमुनिजी, महासाध्वी श्री पूर्वाजी, महासाध्वी श्री विश्वासजी, महासाध्वी श्री संयमप्रभाजी, महासाध्वी श्री चारित्रशिलाजी ने आज के इस पावन अवसर पर अपने उद्गार भजन एवं प्रवचन के माध्यम से रखे। सहमंत्री श्री शुभममुनिजी ने मधुर भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया। आज के इस शुभ अवसर पर आचार्य सम्राट पूज्य श्री आत्मारामजी म.सा. द्वारा टीकाकृत श्री स्थानांग सूत्र के प्रथम और द्वितीय भाग का विमोचन श्रावक समिति एवं शिवाचार्य आत्म-ध्यान फाउंडेशन के पदाधिकारी गणों ने किया। इस अवसर पर श्रीमती मनीषा सुरेशजी संचेती द्वारा स्वरचित भजन की पुस्तक स्वरागिनी का विमोचन संचेती परिवार ने किया।

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कुछ श्रद्धालु श्रावक-श्राविकाओं ने अपने विचार सभा के मध्य में रखें, जिसमें कोणिक जैन ने वर्तमान में भटकते युवाओं को पुनः कैसे धर्म में जोडे, देव, गुरु धर्म में उनके आस्था कैसे दृढ़ हो इस विषय पर प्रभावी वक्तव्य प्रदान किया। जैन कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा श्रीमति पुष्पाजी गोखरू, श्रावक समिति के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमान मुन्नालालजी जैन, श्रावक समिति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री रमेशजी भंडारी आदि ने अपनी भावनाएं आचार्यश्रीजी के समक्ष प्रस्तुत की। इस अवसर पर जय सामोता ने स्वलिखित परमवीर चक्र शैतान सिंह किताब आचार्यश्रीजी को भेंट की। आचार्यश्रीजी के सान्निध्य में पिछले सवा तीन वर्षों से अध्ययनरत वैरागी शिवांश जैन के सांसारिक परिवार द्वारा दीक्षा आज्ञा पत्र बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आचार्य भगवन को प्रदान किया।

इस अवसर पर जयंती कुकड़ा, विकास सिंघवी, आकाश मादरेचा, सुनील विसलोत, अमित मेहता, हितेश मोंटू चपलोत, गौतम मेहता, सुरेश संचेती आदि सेवाभावी कार्यकर्ताओं का सेवा सम्मान किया गया।

मंगल पाठ के पश्चात श्रेयांस कुमार लाभार्थी एन.एन. जैन परिवार के श्री नितिन जैन परिवार द्वारा सर्वप्रथम आचार्यश्रीजी को ईक्षुरस बहराया गया। तदनंतर सभी तपस्वियों को ईक्षुरस प्रदान करने की विनंती की। शिवाचार्य आत्म ध्यान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा समस्त तपस्वियों का अभिनंदन पत्र प्रदान कर स्वागत किया गया।

सभा का मंच संचालन बहुत ही सुंदर तरीके से उपाध्यक्ष श्री अशोकजी मेहता ने किया। हजारों की संख्या में उपस्थित जनमेदनी बार-बार शिवाचार्य भगवन के तप एवं उपस्थित तपस्वियों का अनुमोदन कर अपने आप को धन्य महसूस कर रही थी। प्रत्येक तपस्वी एवं आगंतुक यही कह रहा था कि प्रतिवर्ष पारणे करने हो तो आचार्यश्रीजी के श्रीचरणों में ही करने चाहिए, बहुत ही सुंदर कार्यक्रम आचार्यश्रीजी के सान्निध्य में संपन्न हुआ। लाभार्थी नितिनकुमार जैन ने श्रेयांस कुमार बनकर करवाया 116 तपस्वियों का पारणा लब्धि धाम में भव्य पारणा महोत्सव संपन्न हुआ।

अक्षय-तृतीया के पावन पर्व पर वृहत् कार्यक्रम का आयोजन

न्यू फ्रेन्ड्स कॉलोनी, दिल्ली : अक्षय तृतीया के पावन दिवस 10-05-2024 को एस.एस. जैन सभा न्यू फ्रेन्ड्स कॉलोनी, जे.आर. जैन भवन में विशाल जनसमुदाय के समक्ष एक वृहत् कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर भारत प्रवर्तिनी श्रमणी सूर्या पू. डॉ. श्री सरिताजी म.सा., उप-प्रवर्तिनी दिव्य साधिका पू. श्री रश्मिजी म.सा. आदि ठाणा का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। जहाँ एक ओर जैन धर्म के आदि तीर्थंकर प्रभु ऋषभदेव के वर्षीतप पारणे के शुभ दिवस पर वर्षीतप साधिका तपस्विनी साध्वियों, जिनमें 35 वर्षों से वर्षीतप करने वाली घोर तपस्विनी डॉ. श्री शुभाजी (पिंकी) म.सा., 12-12 वर्षों से तपस्या में रत आगम ज्ञानाधी साध्वी डॉ. श्री शैलीजी म.सा., साध्वी श्री शुचिताजी म.सा. तथा 5 वर्षीय एकांतर तपलीन साध्वी श्री शैलजाजी म.सा. के पारणे करवाने का लाभ श्रीसंघ को प्राप्त हुआ। वहीं दूसरी ओर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ का 72वाँ स्थापना दिवस भी पूर्ण निष्ठापूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर भजन गायिका श्रीमती नीलमजी सिंघवी जैन, श्वेताजी नाहर जैन, सुन्दरजी एवं पुष्पाजी बोकड़िया ने भी अपने मन के विचार भजन आदि के माध्यम से व्यक्त किए। अध्यक्ष श्री सुभाषजी ओसवाल जैन जी ने श्रमण संघ की महिमा, गरिमा तथा प्राचीन आचार्यों की गुण गौरव गाथा को अपने वक्तव्य के द्वारा अत्यंत भावुक रूप से प्रस्तुत किया एवं अंत में श्रीमान् अशोकजी लोढ़ा ने सभी को धन्यवाद देते हुए भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण हेतु इस अवसर पर दानवीरों द्वारा प्रदत्त दान की अनुमोदना की। अंत में श्रीमान् सुभाषजी ओसवाल जैन के सुपौत्र श्री कनवजी ओसवाल जैन एवं दौहित्र आदित्य जैन ने अपने परिवार की ओर से महासाध्वियों को इक्षु रस बहराते हुए पारणे का लाभ लिया। इसी के साथ विभिन्न क्षेत्रों से पधारे हुए नन्हे-नन्हें श्रेयांस कुमारों में अयांश, क्यांश तथा अभिराज जैन आदि ने भी पारणा करवाया, तत्पश्चात् समस्त श्रद्धालुजनों ने इक्षु रस बहराकर पुण्यार्जन करते हुए गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम में दिल्ली, एनसीआर के सभी क्षेत्रों जैसे रोहिणी, पीतमपुरा, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद, फरीदाबाद, इन्द्रपुरी, करोल बाग, साउथ दिल्ली, शाहदरा, पंजाबी बाग, रानी बाग, पश्चिम विहार आदि से भी विशाल संख्या में श्रावक-श्राविका उपस्थित हुए। श्री सुभाषजी ओसवाल जैन परिवार की ओर से सभी के लिए गौतम प्रसादी की सुंदर रूपेण व्यवस्था की गई।

इसके अलावा दिनांक 24 मई 2024 को जे.आर. जैन भवन के प्रांगण में श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर, ध्यानयोगी, युगप्रधान आचार्य सम्राट् पू. डॉ. श्री शिवमुनिजी म.सा. का 24वाँ आचार्य पद चादर समर्पण दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।

प्रेषक : अशोक लोढ़ा जैन

महाराष्ट्र प्रवर्तिनी चादर महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया

पुणे (महाराष्ट्र) : पुणे सकल संघ के पुण्योदय से वर्धमान सांस्कृतिक केन्द्र, गंगाधाम-शत्रुंजय रोड़, पुणे में कर्नाटक गजकेसरी, घोर तपस्वी पू. श्री गणेशीलालजी म.सा. एवं आचार्य भगवंत पू. श्री आनंदऋषिजी म.सा. की असीम कृपा से श्रमण संघ के शिखर पुरुष आचार्य भगवंत, ध्यान योगी परम पूज्य डॉ. श्री शिवमुनिजी म.सा. एवं महाराष्ट्र प्रवर्तक पूज्य

श्री कुंदनऋषिजी म.सा. की आज्ञा से महाराष्ट्र एवं दक्षिण सिंहणी नवकार आराधिका पू. डॉ. श्री प्रतिभाजी म.सा. को महाराष्ट्र प्रवर्तीनी पद से अलंकृत किया है। इस उपलक्ष्य में संतों की पावन भूमि विद्या की राजधानी पुणे नगरी में चतुर्विद संघ के सान्निध्य में महाराष्ट्र प्रवर्तिनी चादर महोत्सव दिनांक 29.05.2024 को महाराष्ट्र गौरव पू. श्री गौतममुनिजी म.सा., सरल स्वभावी पू. श्री सौरभमुनिजी म.सा., उप-प्रवर्तक पू. श्री गौरवमुनिजी म.सा., वाणी भूषण पू. श्री प्रीतिसुधाजी म.सा. आदि ठाणा 52 की अभूतपूर्व उपस्थिति में जय घोष के साथ संपन्न हुआ।

पू. श्री प्रतिभाश्रीजी म.सा. की दीक्षा नांदेड़ में हुई थी। तब से लेकर आज तक आपकी 52 वर्षों की तपस्या संयम यात्रा, देशभर में 16 शिष्याओं को दीक्षा संयम मार्ग धर्म का प्रचार-प्रसार करने के लिए दिलाई। अपने देशभर के अनेकों राज्यों का विचरण करते हुए 40,000 किमी. से भी अधिक की पैदल यात्रा की है। आपका विचरण क्षेत्र महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि रहा है। आपका गुरु परिवार द्वारा कोटा संघ प्रमुखा, पुणे संघ द्वारा नवकार आराधिका, श्री जीवराजजी म.सा. द्वारा वि. वीरपुत्री, गुजराज विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट, प्रवर्तक पू. श्री रूपमुनिजी म.सा. 'रजत' द्वारा दक्षिण सिंहनी, प्रवर्तक पू. श्री कुंदनऋषिजी म.सा. द्वारा महाराष्ट्र सिंहनी ऐसी अनेको पदवियों से विभूषित किया जा चुका है। आपने नवकार मंत्र में पी.एचडी. की उपाधि हासिल की है।

चेन्नई से श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ चातुर्मास समिति 2021 की तरफ से चादर ओढ़ाकर महासतीजी का बहुमान किया गया। समिति की तरफ से महावीरचंदजी कोठारी, रमेशजी ओस्तवाल, कमलजी गांधी, विजयराजजी गांधी, महावीरजी बाफना, शांतादेवीजी गांधी, सूरजबाईजी बोहरा की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक श्रीमान् प्रकाशजी धारीवाल जैन रहे। कार्यक्रम में जैन कॉन्फ्रेंस के विश्वस्त मण्डल के चेयरमैन श्रीमान् रमनलालजी लुंकड़ जैन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नेमीचंदजी चोपड़ा जैन, श्री पारसजी मोदी जैन के अलावा श्री विजयकांतजी कोठारी जैन, श्री पोपटलालजी ओस्तवाल जैन, श्री विलासजी राठौड़ जैन, श्री बालासाहेबजी धोका जैन, श्री अनिलजी नाहर जैन, श्री सुभाषजी लोढ़ा जैन, श्री राजेशजी नाहर जैन, श्री सुमतिलालजी लोढ़ा जैन, श्री सुधीरजी जैन, श्री संपतराजजी कोठारी जैन, श्री शांतिलालजी सिंघवी जैन, श्री मीठालाजी कांकरिया जैन, श्री धरमचंदजी गादिया जैन, श्रीमती सुनीताजी देसर्डा जैन, श्री पारसमलजी बाफना जैन, श्री वईसराजी रांका जैन, श्री विजयजी ओसवाल जैन आदि के अनेकों वरिष्ठ समाजसेवी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। **प्रेषक : बालासाहेब धोका जैन**

वीरशासन स्थापना दिवस के अवसर पर घोषणा
भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर व महावीर कन्वेंशन सेंटर बनेगा

चेन्नई (तमिलनाडु) : श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ, तमिलनाडु के तत्वावधान एवं युवाचार्य प्रवर श्री महेन्द्रऋषिजी म.सा. की निश्रा में रविवार को पुरुषवाक्कम स्थित सीयू शाह भवन में सकल जै संघ की उपस्थिति में श्रद्धा व संकल्प के साथ 2581वाँ वीरशासन स्थापना दिवस मनाया गया। भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण कल्याणक वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष समारोह में जैन समाज ने चेन्नई में भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर बनाने की घोषणा की। श्वेतांबर, मूर्तिपूजक, स्थानकवासी, तेरापंथी एवं दिगंबर सभी जैन संप्रदायों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, समाजसेवियों, विद्वानों और श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में महासंघ के चेयरमैन श्री अभयकुमारजी श्रीश्रीमाल जैन ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए वर्धमान नगर बनेगा, जिसमें भगवान महावीर कन्वेंशन सेंटर निर्मित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मानवता की सेवार्थ इस कार्य के लिए सभा में ही सौ करोड़ रुपये का आश्वासन मिला है। युवाचार्यश्रीजी ने कहा कि जैन समाज के इन उपकारों के लिए आने वाली पीढ़ियाँ याद करेगी। जैन महासंघ के अध्यक्ष श्री प्यारेलालजी पितलिया जैन ने तन-मन-धन से साथ देने को कहा। सबकी सहभागिता में हर कार्य विधानानुसार एवं

उद्देश्यानुसार होगा। श्री ताराचंदजी दुग्गड़ जैन ने कहा कि तमिलनाडु में आज एक और नया इतिहास जुड़ने जा रहा है। महामंत्री श्री धर्मीचंदजी सिंघवी जैन ने बताया हमें अपने व परिवार, भावी पीढ़ी एवं साधर्मी भाईयों के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्री मदनलालजी गुंदेचा एवं धन्यवार श्री सुरेशजी लुणावत जैन ने ज्ञापित किया। सभा में श्री सुभाषजी रांका जैन, श्री कमलजी ठोलिया जैन, श्री किरीटी भाई पारेख, श्री महावीरचंदजी रांका जैन, श्री गौतमजी कटारिया, श्री अशोकजी सहित आदि सभी संप्रदायों के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। **प्रेषक : भीकमचंद लुंकड़ जैन**

जैतारण में गौ सेवार्थ विशाल आयोजन सम्पन्न
श्री सुनीलजी खेतपालिया की अध्यक्षता में 300 गौशालाओ को सहयोगराशि वितरण
खेतपालिया जैन गौरव से सम्मानित

जैतारण (राजस्थान) : दिनांक 19 मई को पाली जिले के अन्तर्गत श्री मरूधर केसरी पावन धाम जैतारण में आयोजित भव्य समारोह में श्री गुरु गणेश मिश्री सेवा समिति, चेन्नई के तत्वावधान व प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनिजी म.सा., उप-प्रवर्तक पू. श्री अमृतमुनिजी म.सा. आदि संत-सतीवृंद चतुर्विध संघ के सान्निध्य में प्रमुख अतिथि एम.एस. बिटटाजी एवं भामाशाह श्री सुनीलजी खेतपालिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, जिसके अन्तर्गत राजस्थान की 300 गौशालाओं को गौ संरक्षण हेतु विशाल सहयोग राशि वितरित की गई।

इसके अतिरिक्त क्षेत्र की चालीस प्रमुख विशाल गौशालाओं को पशु खाध सामग्री लोरियो के माध्यम से अतिरिक्त भिजवाई गई। इस अवसर पर प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनिजी म.सा. ने कहा कि यह सेवा जीवदया का कार्य अत्यंत उत्कृष्ट है। मनुष्य अपने नाम से नहीं काम से पहचाना जाता है, पैसे का सदुपयोग जो करता है वही यश-कीर्ति पता है। प्रमुख अतिथि एम. एस. बिट्टाजी ने कहा कि जैन समाज के हर बच्चे में बाल्यकाल से ही दया, भावना का गुण सम्माहित हो जाता है। जैन अपने कर्मों से पहचाना जाता है, देश में अपने सेवाकार्यों की अलग पहचान रखता है। कार्यक्रम के अध्यक्षीय भाषण में श्री सुनीलजी खेतपालिया ने कहा श्री गुरु गणेश मिश्री सेवा समिति-चेन्नई के तत्वावधान में जो कार्य सम्पन्न हो रहे हैं वह सराहनीय है। गुरु भगवंतों, पूर्वजों का आशीर्वाद है, हम तो माध्यम है। उन्होंने कार्यकम में अर्थ सहयोग देने वाले को धन्यवाद प्रेषित कर उनकी भावनाओं को नमन किया तथा भविष्य में इसी तरह साथ सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर उन्होने अधिक से अधिक जीवदया, मानव सेवा के अन्तर्गत कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा उपस्थित महानुभावों से भी गौशालाओं को विशेष संरक्षण संवर्धन हेतु तैयार रहने को कहा।

इस अवसर पर उप-प्रवर्तक पू. श्री अमृतमुनिजी म.सा., पू. श्री वरूणमुनिजी म.सा. समेत अनेक संतों व सज्जनों ने अपने विचार प्रकट कर कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रवर्तक पू. श्री सुकनमुनिजी म.सा. व उपस्थित संत-सती मण्डल ने श्री सुनीलजी खेतपालिया को उनके उत्कृष्ट समाज के प्रति प्रभावी प्रकल्पों, अवदानो को देखते हुए जैन गौरव अलंकार से सम्मानित किया, जिसका करतल ध्वनि हर्ष-हर्ष, जय-जय के साथ सभा में हजारों की उपस्थिति ने अभिनन्दन किया। चेन्नई शहर से भी सोशल मीडिया के माध्यम से श्रीमान् खेतपालियाजी को बधाईयाँ देने का तांता लगा हुआ है। मंचासीन तथा उपस्थित गुरु गणेश मिश्री सेवा समिति के पदाधिकारी ने अपने हाथों से सहयोग राशि का वितरण किया। कार्यक्रम में जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री पदमचंदजी कांकरिया जैन, अल्पसंख्यक योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेन्द्रजी ओस्तवाल जैन समेत क्षेत्रीय गांवों के सरपंचों, वरिष्ठ समाजसेवीयो, गौभक्तों की उपस्थिति रही है। श्री मीठालालजी पगारिया-अध्यक्ष श्री मरुधर केसरी जैन छात्रावास जैतारण ने कार्यक्रम का सम्पूर्ण लाभ लिया साथ ही सभी व्यवस्थाओं को संभालने में अग्रणी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री गुरु गणेश मिश्री सेवा समिति के चेयरमैन श्री वॉइसराजजी रांका जैन, अध्यक्ष श्री सुरेशजी ललवानी जैन, उपाध्यक्ष श्री शांतिलालजी सिंघवी जैन, मंत्री श्री अशोकजी बोहरा जैन, कोषाध्यक्ष

श्री निर्मलजी मरलेचा जैन आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में विशेष सहयोग श्री मरूधर केसरी जैन छात्रावास जैतारण के पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं का रहा। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न स्थानों अजमेर, ब्यावर, जोधपुर, पाली, नागौर, मेड़ता, किशनगढ़, जयपुर आदि क्षेत्रों से महानुभाव पधारे। कार्यक्रम का संचालन श्री हस्तीमलजी खटोड जैन ने किया।

प्रेषक : गौतमचंद दुग्गड़ जैन

महानगर प्रवेश एवं दीक्षार्थी अभिनन्दन कार्यक्रम सम्पन्न

पोरूर, चेन्नई (तमिलनाडु) : 26 मई को चेन्नई के उपनगर पोरूर में महासती पू. श्री राजमतीजी म.सा. आदि ठाणा 2 का एस.एस. जैन संघ पोरूर के तत्वावधान में कांकलिया परिवार द्वारा प्रायोजित महानगर प्रवेश एवं मुमुक्षु दीपिका का अभिनंदन समारोह हर्षोल्लास के साथ समारोह अध्यक्ष जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आनंदमलजी छल्लाणी जैन प्रमुख अतिथि, वरिष्ठ समाजसेवी श्री नवरत्नजी चोरड़िया जैन, वरिष्ठ समाजसेवी श्री अनोपचंदजी भिडकिचया जैन, वरिष्ठ समाजसेवी श्री नवरत्नमलजी मेहता जैन, जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री पदमचंदजी कांकरिया जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री दिनेशकुमारजी भलगट जैन, राष्ट्रीय मंत्री श्री धर्मीचंदजी कांकरिया जैन, श्री प्रकाशजी खिंवसरा जैन-अध्यक्ष साहुकारपेट श्रीसंघ की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर महासती पू. डॉ. श्री प्रतिभाजी म.सा. आदि ठाणा 5 का भी मंगल पदार्पण हुआ। भारी जनभेदनी की उपस्थिति में मुमुक्षु दीपिका की एक विशाल शोभायात्रा शुभम स्क्वायर से प्रारंभ होकर जैन मन्दिर के विशाल प्रांगण में पहुंचकर वहाँ धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। संघ अध्यक्ष श्री ललितजी सांखला जैन ने पधारें हुए अतिथियों का स्वागत किया।

महासती पू. श्री ऋषिताजी म.सा. ने इस अवसर पर अपने उद्‌बोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का ध्येय भौतिक सुखों को त्याग कर संयम पथ होना चाहिए। विदुषी महासतीजी ने कहा कि जैसे बुलडोजर बड़ी से बड़ी भारी इमारत को ध्वस्त कर देती हैं, उसी प्रकार संसार से विरक्ति, पापों का क्षय कर देती हैं। उन्होंने बताया कि सांसारिक व्यक्ति के विपरीत मुमुक्षु साधक का एकमात्र लक्ष्य स्वयं के कल्याण के साथ जगत के कल्याण की भावना होती हैं।

महासती पू. श्री विनयश्री म.सा. ने दीक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री आनन्दमलजी छल्लाणी जैन ने पोरूर संघ की अनुमोदना करते हुए साध्वीवृंद का नगर प्रवेश कर आहार-विहार स्वास्थ्य की सुख-साता पूछते हुए चेन्नई प्रवास, चातुर्मास तथा वैरागन बहन के संयम पथ पर आरुढ़ होने की मंगलकामनाएं प्रेषित की, कार्यक्रम में श्रमण संघीय सलाहकार पू. श्री विनयमुनिजी म.सा. 'भीम' के निर्देशानुसार पू. श्री सन्मतिमुनिजी म.सा. 'साहिल' का एक सन्देश भी पढ़कर सुनाया गया, जिसमें उन्होंने वैरागी बहन की कठिन साधना और प्रस्तावित दीक्षा के लिए मंगल भावना प्रकट की।

साहूकारपेट संघ के महामंत्री श्री संजयजी पीन्चा ने श्रमण संघीय युवाचार्य प्रवर श्री महेंद्रऋषिजी म.सा. द्वारा प्रेषित पत्र का भी वाचन किया, जिसमें उन्होंने मुमुक्षु दीपिका की 11-10-2024 को जैन भगवती दीक्षा साहूकारपेट संघ के तत्वावधान में आयोजन करने की आज्ञा प्रदान की तथा आज्ञा पत्र को मंचासीन महानुभावों द्वारा साध्वीजी के चरणों में सौंपा गया।

पोरूर संघ, साहुकारपेट संघ, गुरु ब्रज मधुकर श्रावक समिति सहित अनेक परिवारों ने इस अवसर पर मुमुक्षु दीपिका की खोल भरकर अभिनंदन किया। मुमुक्षु दीपिका दीक्षा मुहूर्त मिलने पर खुशी से भावुक हो गई और उन्होंने कहा कि आज ये सम्मान मेरा नहीं मेरे संयम जीवन का है। पोरूर संघ के महिला मंडल ने एक जीवंत नृत्य नाटिका द्वारा मुमुक्षु दीपिका का जीवन परिचय देते हुए उनके द्वारा अपनाए जाने वाले कठिन संयम पथ पर अग्रसर होने के लिए भूरि-भूरि प्रशंसा की। श्री एस.एस. जैन संघ पोरुर द्वारा आज के सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी श्री रमेशचंदजी, अरिहंतजी, अजीतजी कांकलिया परिवार का अभिनंदन किया गया। श्रीमती कमलाजी सज्जनराजजी मेहता जैन सहित अनेक वक्ताओं ने उद्‌गगार व्यक्त किये। इस अवसर पर श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ-तमिलनाडु के अध्यक्ष श्री सुरेशजी लुणावत जैन, महामंत्री श्री धर्मीचंदजी सिंघवी जैन, श्री एस.एस. जैन संघ अध्यक्ष श्री जेठमलजी चोरड़िया जैन, श्री किशनचंदजी छाजेड़ जैन, श्री सुरेशजी गुगलिया जैन, श्री जब्बरचंदजी बंब जैन, श्री जतनराजजी कांकरिया जैन, श्री ज्ञानचंदजी पोखरणा जैन, श्री महावीरचंदजी

पगारिया जैन, श्री देवीचंदजी बरलोटा जैन, श्री महावीरचंदजी भंडारी जैन, श्री देवराजजी कोठारी जैन, श्री पुखराजजी सांड जैन, श्री मुकेशजी गुगलिया जैन, श्री उत्तमजी भंसाली जैन, श्री अरविन्दजी रूणवाल जैन आदि उपस्थित रहे। संघ के मंत्री श्री प्रकाशचंदजी बम्ब जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री जुगराजजी बोरुंदिया जैन ने किया।

प्रेषक : प्रकाशचंद बंब जैन, मंत्री-श्री एस.एस. जैन संघ, पोरूर

बेलगांव में धूमधाम से मनाया गया अक्षय-तृतीया पर्व

बेलगांव (कर्नाटक) : जिनशासन गौरव, धर्मप्रभाावक पूज्य गुरुदेव श्री राजेशमुनिजी म.सा. 'श्रमण' तथा सेवाभावी पू. श्री ऋषभमुनिजी म. आदि ठाणा के सान्निध्य में बेलगांव में अक्षय-तृतीया का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। समस्त बेलगांव जैन समाज में व्याखन में साउथ से वापसी के समय एक चातुर्मास बेलगांव करने की पुरजोर विनंती श्रीचरणों में रखी। प्रवचन पश्चात गौतम प्रसादी के साथ-साथ इक्षुरस का जन-जन में सौहार्दपूर्ण वितरण रहा। इसके बाद बेलगांव से हुबली के लिए गुरुदेव की विहार यात्रा प्रारंभ हुई।

प्रेषक : राजेन्द्र कंठालिया जैन, बेलगांव

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

मेरठ (उत्तर प्रदेश) : भीष्म पितामह, तपस्वी रत्न, राजर्षि, श्री सुमतिप्रकाशजी म. के सुशिष्य वाचनाचार्य, उपाध्याय प्रवर पू. डॉ. श्री विशालमुनिजी म.सा., उत्तर भारतीय प्रवर्तक पू. श्री आशीषमुनिजी म. के पावन सान्निध्य में **'वर्तमान परिपेक्षय में संयुक्त परिवार की उपयोगिता'** विषय पर अधिकतम 500 शब्द निबंध प्रतियोगिता का आयोजन जैन कॉन्फ्रेंस उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड प्रांतीय शाखा द्वारा किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 20 जुलाई है। स्थान जैन स्थानक, जैन नगर, मेरठ में कल्पवृक्ष द्वारा आयोजित की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क : 94126 31006 (अजय जैन), 93193 13717 (विकास जैन)

प्रेषक : भास्कर जैन

शोक समाचार

पंडितरत्न उपाध्याय भगवंत पूज्य प्रवर श्री गुणवंतचंदजी म.सा. का देवलोक

पीपाड़ (राजस्थान) : साधना के शिखर पुरुष, घोर तपस्वी, अप्रतिम साधक पंडितरत्न, उपाध्याय भगवंत पूज्य प्रवर श्री गुणवंतचंदजी म.सा. (जयमल संप्रदाय) का संथारा सहित दिनांक 23.5.2024 को पीपाड शहर में देवलोकगमन का समाचार अत्यंत दुखद, मन को भाव विभोर करने वाला मिला। जैन समाज ने एक बहुमूल्य धीर वीर, गंभीर अणगार धरा से खो दिया। आप आडंबरों प्रदर्शनों दिखावों भौतिक संसाधनों से कोषो दूर भगवान महावीर स्वामी के शासन को गौरवान्वित जयवंत करने वाले विलक्षण संत रत्न थे। जैन संत की सम्पूर्ण परिभाषा आपमें झलकती थी। आपके तेजोमय गुणरत्नों को शब्दों में परिभाषित करना असंभव है। आपके श्रीचरणों में श्रद्धायुक्त भावों से वंदन करते है, आदरांजलि-श्रद्धांजलि-भावांजलि प्रेषित करते हुए प्रार्थना करते हैं, भव्य आत्मा अरिहंत स्वरूप को प्राप्त करते हुए सिद्ध शिला पर विराजमान हो तथा आपका दिव्य आशीर्वाद कृपा सदैव संघ समाज पर बरसती रहे।

पूज्या श्री क्षमाश्रीजी म.सा. का समाधिपूर्ण संथारा सहित देवलोक

आचार्य सम्राट् प. पू. श्री आनंदऋषि जी महाराज साहब की कृपापात्र, संस्कार भारती पूज्य श्री प्रीतिसुधाजी म.सा. की बड़ी बहन प. पू. श्री मंगलप्रभाजी म.सा. एवं प. पू. श्री जयस्मिताजी म.सा. की माताजी महाराज साहब प. पू. श्री क्षमाश्रीजी म.सा. का समाधि पूर्ण संथारा सहित देवलोकगमन हो गया है। जैन कॉन्फ्रेंस परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि प्रेषित करते हुए प्रार्थना करते हैं कि आपको सिद्धालय की प्राप्ति हो।

दिवंगत आत्माओं के प्रति जैन कॉन्फ्रेंस परिवार की विनम्र श्रद्धांजलि